# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 06 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 109 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**सुविचार**

अगर आप सही हो तो कुछ सही साबित करने की कोशिश ना करो, बस सही बने रहो गवाही खुद वक्त देगा।




कंगना ने सेम सेक्स मैरिज को किया सपोर्ट 08

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 61,054.29 |
| निफ्टी | : | 18,069.00 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,865 |
| चांदी | : | 83.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# PMLA COURT में पेशी के बाद न्यायिक हिरासत में भेजे गए रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, आज फिर होगी पेशी

## LAND SCAM मामले में गुरुवार को ED ने किया था गिरफ्तार, पांच दिनों का मांगा था रिमांड

**SPECIAL REPORTER RANCHI:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लैंड स्कैम मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी छवि रंजन को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में शुक्रवार को पेश किया। कोर्ट ने छवि रंजन को एक दिन के न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया। इस दौरान ईडी ने कोर्ट से पांच दिनों का रिमांड मांगा, पर कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आज छह मई को कोर्ट में उनकी फिर पेशी होगी।

आपको बता दें कि 10 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद गुरुवार की रात ईडी ने छवि रंजन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। बुद्ध पूर्णिमा की वजह से जज कॉलोनी स्थित विशेष न्यायाधीश के आवास में पेश करने की चर्चा थी, लेकिन पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश के कोर्ट में उनकी पेशी हुई।

शेष पेज 2 पर

### पेशी से पहले हुई मेडिकल जांच

जमीन घोटाला मामले में आईएएस छवि रंजन को कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल जांच किया गया। शुक्रवार को छवि रंजन की मेडिकल जांच सदर अस्पताल के डॉक्टरों की देखरेख में हुई। छवि रंजन का बीपी, सुगर, पल्स सभी सामान्य है। उनका कोविड टेस्ट भी निगेटिव आया है। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।







पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में पेशी के लिए जाते व पेशी के बाद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जेल ले जाती ईडी की टीम ● फोटोन न्यूज

### निलंबित होंगे आईएएस छवि रंजन, ईडी के पत्र का इंतजार

लैंड स्कैम मामले में गिरफ्तार किये गये रांची के पूर्व डीसी व आईएएस छवि रंजन को निलंबित किया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए ईडी के पत्र का इंतजार कर रही है। शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा को लेकर सरकारी छुट्टी है। लेकिन जानकारी के अनुसार, ईडी का लेटर आते ही देर रात तक उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया जा सकता है। इससे पहले आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल मामले में भी ईडी के लेटर के बाद ही उन्हें निलंबित किया गया था। हाल के दिनों में छवि रंजन झारखंड के दूसरे आईएएस अफसर होंगे, जिन्हें निलंबित किया जाएगा। झारखंड सरकार की ओर से छवि रंजन को निलंबित करने के 24 घंटे के भीतर भारत सरकार के कार्मिक मंत्रालय को इसकी सूचना दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, छवि रंजन के खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी चलाई जाएगी।

## म्यूटेशन के लिए CO पर दबाव डालते थे IAS छवि रंजन

ईडी की जांच में एजेंसी ने दावा किया है कि वर्ष 2020-2022 के दौरान रांची के डीसी के रूप में छवि रंजन ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। साथ ही व्यक्तिगत लाभ के लिए कई भू-माफियाओं को अनुचित लाभ पहुंचाया। उन्होंने पैसों की रिश्वत भी स्वीकार की। पवार ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश के माध्यम से बड़गाईं मौजा स्थित एक भूखंड को प्रतिबंधित सूची से हटाने पर कई व्यक्तियों से एक करोड़ रुपये की वसूली की गयी। इतना ही नहीं चेशायर होम रोड की विवादित भूमि का म्यूटेशन विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी के नाम पर करने के लिए बड़गाईं सीओ मनोज कुमार पर भी रांची डीसी रहते हुए छवि रंजन ने ही दबाव बनाया था। इसके एवज में विष्णु अग्रवाल ने छवि रंजन के लिए गोवा ट्रिप का इंतजाम किया और ताज अगोडा होटल में उनके रहने और घूमने की व्यवस्था करवाई। जेल की सलाखों के पीछे बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने खाता संख्या 140 की लगभग 7.16 एकड़ क्षेत्रफल वाली भूमि की खरीद बिक्री के लिए षड्यंत्र रचा। एक डमी व्यक्ति बिनोद सिंह के नाम पर म्यूटेशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। नामांतरण के बाद यह संपत्ति श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया को बेच दी गई और उनके नाम से ही जमाबंदी दर्ज की गई। कागजों में इस जमीन की खरीद बिक्री 15.10 करोड़ रुडपे में दिखाई गई, जबकि इस भूखंड का वास्तविक मूल्य 29 करोड़ है। बिनोद सिंह के दावे को पहले सीओ और एलआरडीसी द्वारा वर्ष 2021 में आवेदन खारिज कर दिया गया था। लेकिन छवि रंजन ने अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया और बिनोद सिंह के नाम पर नामांतरण की अनुमति दी। छवि रंजन द्वारा इस जमीन की पिछली जमाबंदी भी रद्द कर दी गई थी, जो कि साहू परिवार के नाम पर थी। जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस को उक्त स्थल पर चारदीवारी खड़ी करने में इन व्यक्तियों की सुविधा के लिए निर्देश जारी किए थे।

**BRIEF NEWS**

### झारखंड में भी दिखेगा मोचा चक्रवात का असर

**RANCHI :** झारखंड में भी मोचा चक्रवात का असर दिखेगा। सात मई तक चक्रवात की तीव्रता का निर्धारण होने और कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद ही राज्य में इसका असर होगा। बंगाल के कुछ हिस्सों में और उत्तर पूर्वी राज्यों में इसका असर अधिक देखने को मिलेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि बंगाल की खाड़ी में नौ मई के आसपास चक्रवात बनने की संभावना है, जिसका असर झारखंड समेत आसपास के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। झारखंड में बंगाल से सटे इलाकों में मोचा का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है। हालांकि, इस चक्रवात की तीव्रता का आंकलन मौसम विभाग ने अभी तक नहीं किया है। यह साल का पहला चक्रवात है। संभावना जताई गई है कि नौ मई के पहले तक राज्य के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में वृद्धि की संभावना नहीं है। विभाग ने पांच मई से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होने की बात कही है। दस मई तक मौसम में किसी तरह का बदलाव नहीं देखा जायेगा। लोगों को गर्मी का एहसास होगा।

### वायु सेना ने सूडान से 192 लोगों को भारत पहुंचाया

**NEW DELHI :** ऑपरेशन कावेरी के दौरान सूडान से निकाले गए लोगों के लिए जेद्दा में शुरू की गई ट्रांजिट सुविधा शुक्रवार से बंद कर दी गई। वायु सेना ने 24 घंटे का ऑपरेशन चलाकर युद्धग्रस्त सूडान से नॉनस्टॉप उड़ान में आखिरी जत्थे के 192 लोगों को सीधे भारत पहुंचाया। अपनी तरह के इस अनूठे मिशन में वायु सेना ने ग्राउंड ऑपरेशंस की पूरी अवधि के दौरान किसी भी तरह के जोखिम से बचने के लिए एयरफील्ड से तुरंत बाहर निकलने के लिए विमान के इंजन को लगातार चालू रखा। युद्धग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू किया गया था। सूडान बंदरगाह से जेद्दा तक भारतीयों को लाने के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस सुमेधा और आईएनएस तेग को तैनात किया गया था। इसके बाद जेद्दा से भारत लाने के लिए वायु सेना ने दो सी-130जे सैन्य परिवहन विमान तैनात कर रखे थे।

### फ्रांस की बैस्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 जुलाई को फ्रांस की राजधानी पेरिस में इस वर्ष के बैस्टिल डे परेड में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस सामरिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण को स्वीकार किया है। इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए एक भारतीय सशस्त्र बल फ्रांसीसी समकक्षों के साथ परेड में भाग लेगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री की यात्रा से दोनों देशों के रणनीतिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक, आर्थिक सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित होंगे। इससे भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में अगले चरण की शुरूआत होगी।

# सुरक्षाबलों-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, 5 जवान शहीद, 1 घायल

## राजौरी के जंगलों में आतंकवादियों के छिपे होने की मिली थी सूचना

**AGENCY SRINAGAR :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में सेना के 5 जवान शहीद हो गए। शुक्रवार को सुबह दो जवान मुठभेड़ में शहीद हुए, वहीं घायल हुए तीन और जवानों की दोपहर में मौत हुई। इस तरह शहीदों का आंकड़ा 5 हो गया। एक जवान घायल है। जानकारी के अनुसार 3 मई को राजौरी में कांडी के जंगलों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। यहां सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया था। सर्च ऑपरेशन के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। सेना से मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों ओर से फायरिंग जारी थी। इसी दौरान आतंकियों के ब्लास्ट में आर्मी जवान शहीद हुए। सूत्रों से यह जानकारी भी मिली है कि सेना ने दो से तीन आतंकवादियों को घेर लिया था। ये वही आतंकी बताए जा रहे हैं, जो पुंछ में सेना के ट्रक पर अटैक में शामिल थे।



सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन चलाते सेना के जवान ● एजेंसी

> जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के 5 वीर जवानों के शहीद होने की दु:खद सूचना मिली है। परमात्मा वीर शहीदों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।
>
> **हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड**

> जम्मू-कश्मीर के राजौरी सेक्टर में आतंकी मुठभेड़ में हमारे 5 जवानों की शहादत का समाचार बेहद दुखद है। इस मुश्किल वक्त में, मैं उनके शोकसंतप्त परिवारों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। सभी शहीदों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।
>
> **राहुल गांधी, अध्यक्ष भारतीय युवा कांग्रस**

**जम्मू-कश्मीर के डीजीपी एनकाउंटर साइट पर पहुंचे**

घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह और एडीजीपी जम्मू मुकेश सिंह एनकाउंटर साइट पर पहुंचे। राजौरी में एनकाउंटर गोवा के पणजी में चल रही एसडीओ मीटिंग से पहले शुरू हुआ। इस मीटिंग में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी शामिल हुए। इसमें जयशंकर ने भुट्टो के सामने कहा- आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

**जहां आतंकियों को घेरा, वहां पहाड़ी और जंगल**

आर्मी ने बताया कि यह ऑपरेशन 3 मई को शुरू हुआ था। राजौरी में कांडी के जंगलों में आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। यहां सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया गया था। शुक्रवार सुबह 7:30 बजे सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच फायरिंग शुरू हुई। आतंकवादी एक गुफा के भीतर छिपे हुए थे। जिस इलाके में आतंकवादी छिपे हैं, वहां काफी पेड़-पौधे और पहाड़ियां हैं। इनकी धरपकड़ करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाए गए थे।

# पंडित रघुनाथ की रचनाएं और कृतियां अमर हैं : CM



ओडिशा में सीएम हेमंत सोरेन को माला पहनाकर सम्मानित करते लोग

**PHOTON NEWS RANCHI:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को महान संताली साहित्यकार और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की 119वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए दांडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज, ओडिशा पहुंचे। उन्होंने यहां उनकी समाधि पीठ (स्मारक) और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाधि पीठ परिसर का भ्रमण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में उनके अविस्मरणीय योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने ओलचिकी के रूप में संताली को एक नई लिपि दी। विशेषकर आदिवासी समाज की परंपरा, कला संस्कृति और भाषा- साहित्य के संरक्षण और उसे समृद्ध करने में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। विशेषकर आदिवासियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी। पंडित रघुनाथ की रचनाएं और कृतियां अमर हैं। आज संताली भाषा और साहित्य कि अपनी समृद्ध परंपरा कायम है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान पंडित रघुनाथ मुरमू का ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, अमर शहीद सिदो-कान्हू, वीर बुधु भगत और तेलंगा खड़िया जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के शोषण-अन्याय के विरुद्ध हुए आंदोलनों का नेतृत्व किया। अन्याय के खिलाफ आदिवासी वीर ना कभी झुके और ना ही कभी डरे हैं।

# 11 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कर लाया गया रांची

**PHOTON NEWS RANCHI :** बेंगलुरु से बचाई गई 11 नाबालिग लड़कियों को शुक्रवार को फ्लाइट से रांची लाया गया। सभी लड़कियां 14 से 17 साल की हैं। राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग की टीम शुक्रवार को बेंगलुरु से रेस्क्यू कराई गई पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को रांची लेकर पहुंची। साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली इन सभी बच्चियों को फिलहाल प्रेमाश्रय बालिका गृह, रांची में रखा गया है। मनरेगा आयुक्त सह निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राजेश्वरी बी ने यहां इन बच्चियों से मुलाकात कर उनसे पूरी जानकारी ली। अब जिला बाल संरक्षण अधिकारी सभी बच्चियों को उनके घर ले जाकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

### क्या है पूरा मामला

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र से 25 व्यक्ति इस वर्ष सात जनवरी को बेंगलुरु गए थे। इनमें एक बालक समेत 11 नाबालिग बच्चियां भी शामिल थीं। इनमें सात पाकुड़ और चार साहिबगंज जिले की रहने वाली थी। इनके नाबालिग होने की बात सामने आने पर बेंगलुरु पुलिस ने सभी को सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु के सुपुर्द कर दिया। सीडब्ल्यूसी की जांच में पता चला कि ये सभी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हुईं हैं। ऐसे में सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु ने इन सभी बच्चियों को वापस उनके घर भेजने के लिए डीसीपीओ और बेंगलुरु पुलिस से संपर्क किया । इसके उपरांत उन्होंने रांची के जिला बाल संरक्षण अधिकारी से संपर्क साध पूरी जानकारी दी। इसके बाद राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग के द्वारा इन सभी बच्चियों को वापस लाने की सारी प्रक्रिया पूरी की गई।

**कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में साल 2019 से लेकर 2023 तक जमकर मचाई है तबाही**

# खत्म हो गया कोरोना! WHO का ऐलान- COVID-19 अब GLOBAL HEALTH EMERGENCY नहीं

**AGENCY NEW DELHI :** कोरोना के खिलाफ एक अच्छी खबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 महामारी का दर्जा घटाते हुए कहा कि यह अब वैश्विक आपात स्थिति नहीं। डब्ल्यूएचओ ने कोरोना के खत्म होने की घोषणा की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि कोरोना वायरस अब ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी नहीं है। गौरतलब है कि चीन की वुहान लैब से निकला कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में साल 2019 से लेकर 2023 तक जमकर तबाही मचाई है।

**आपातकाल का अंत, लेकिन महामारी का अंत नहीं :** डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अद्यनोम घेब्रेयेसस ने कहा, बहुत उम्मीद के साथ मैं घोषणा कर रहा हूं कि कोविड-19 वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल का दौर पार कर चुका है। इसका यह मतलब नहीं है कि कोविड-19 वैश्विक स्वास्थ्य खतरे के तौर पर खत्म हो गया है। डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम एशिया में संक्रमण के मामलों में आई हालिया तेजी को लेकर कहा कि भले ही आपातकालीन दौर खत्म हो गया हो, महामारी का अंत नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा कि हर हफ्ते दुनिया भर में हजारों लोग अब भी संक्रमण से जान गंवा रहे हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी ने पहली बार 30 जनवरी, 2020 को कोरोना वायरस को एक अंतरराष्ट्रीय आपदा घोषित किया था। तीन साल से अधिक समय के बाद, वायरस के कारण विश्व स्तर पर संक्रमण के अनुमानतः 76.4 करोड़ मामले सामने आए और लगभग पांच अरब लोगों को टीके की कम से कम एक खुराक मिली है।



### कई देशों में लग गया था लॉकडाउन

डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि कोविड-19 अब वैश्विक इमरजेंसी के लायक नहीं हैं। डब्ल्यूएचओ की बात इस बात को दर्शा रही है कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के अंत की यह शुरूआत है। गौरतलब है कि इस इस महामारी के कारण एक समय में दुनिया के कई देशों में लॉकडाउन लग गया था। दुनिया की अर्थव्यवस्था ठप सी हो गई थी। इस बीमारी से एक आंकड़े के मुताबिक कम से कम 70 लाख लोगों की मौत हो गई है।

# MANIPUR हिंसा पर केन्द्रीय गृह मंत्री की नजर, सीएम और अधिकारियों से की बात

AGENCY NEW DELHI

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में हुई हिंसा पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। हिंसा को नियंत्रित करने एवं हालात की समीक्षा के लिए शुक्रवार शाम शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह एवं आला अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात की।

गृह मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने व हालात पर काबू पाने के लिए केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों की 10 और कंपनियों को राज्य में तैनात करने का निर्णय लिया है। राज्य



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की फाईल फोटो।

में दंगा नियंत्रण वाहनों की तैनाती की गई है। सूत्रों का कहना है कि केन्द्र सरकार ने मणिपुर में अनुच्छेद 355 नहीं लगाया गया है लेकिन राज्य की जरूरत के हिसाब से केन्द्र सरकार सुरक्षा बलों की तैनाती कर रही है। इस मुद्दे पर गृह मंत्री शाह लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं। केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर हालात सुधारने में लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि मणिपुर में आदिवासी आंदोलन के दौरान बुधवार को राज्य के कई जिलों में हिंसा भड़क गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके अलावा इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में एक रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने कई घरों में तोड़फोड़ की। इस दौरान तोरबंग इलाके में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच हिंसा भड़क गई। इसके बाद कई और जिलों में भी हिंसा की खबरें आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

इस मामले पर लेकर राज्य के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अपने बयान में कहा था कि कुछ जगहों पर झड़प और तोड़-फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। यह घटनाएं दो वर्गों के बीच प्रचलित गलतफहमी के कारण हुई हैं। राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इसे नियंत्रित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। शाह ने कल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मणिपुर की स्थिति के मद्देनजर नागालैंड, मिजोरम और असम सहित मणिपुर और पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की थी।

## भ्रष्ट आचरण की भूमिका निभाने वाले बिचौलियों और अधिकारियों की जगह जेल : दीपक प्रकाश

PHOTON NEWS DEOGHAR

राज्य में भ्रष्टाचार में लिप्त बिचौलियों की भूमिका निभाने वाले और अधिकारियों को जेल जाना चाहिए। ऐसे नेता और बिचौलियों को भी जेल भेज देना चाहिए। यह बातें शुक्रवार को चित्तोलोढ़िया में भाजपा के जिला कार्यालय भवन का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कही।

उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार की वजह से विकास नहीं हो रहा है। तब तक भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगेगा, तब तक विकास की बात बेमानी है। झारखंड की खनिज संपदा को केवल लूटने का काम किया जा रहा है। साथ ही कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन निकाय चुनाव भाजपा



जिला कार्यालय भवन के भूमि पूजन में दीपक प्रकाश व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

के डर की वजह से नहीं कराना चाहती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत जानते है कि अगर निकाय चुनाव हुआ तो भाजपा के कार्यकर्ता विजयी होंगे। चुनाव नहीं कराने से राज्य को 14वें वित्त आयोग से मिले वाला पैसा भी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के नहीं होने से जनता के माध्यम से होने वाले विकास का काम भी रुक गया है। साथ ही कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर से कमल खिलेगा। प्रदेश के लोगों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आस्था व राज्य में विकास को और बढ़ाने की चाहत है।

पार्टी कार्यालय के शिलान्यास पर उन्होंने कहा कि शिव व शक्ति के स्थल पर पार्टी का भव्य व आधुनिक सुविधा से युक्त कार्यालय का शुभारंभ होना सुखद बात है। कार्यालय से पार्टी के काम विस्तार के साथ-साथ जन समस्या के समाधान की पहल होगी। प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह कार्यालय का निर्माण ना केवल राजनीति, बल्कि धार्मिक कारणों का ध्यान में रखकर कराया जा रहा है। पूरे देश से कार्यकर्ता यहां आते है। उनके लिए रुकने की व्यवस्था होगी। साथ ही कहा कि संगठन में ट्रिपल की विशेष महत्व है।

शिलान्यास स्थल पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश महामंत्री (संगठन) का आदिवासी नृत्य से पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। भूमि पूजन स्थानीय विधायक नारायण दास ने किया।

## शरद पवार के सकारात्मक निर्णय से राकांपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा : अजीत पवार

AGENCY MUMBAI

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजीत पवार ने कहा कि शरद पवार का राज्य एवं देश के सभी पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के आग्रह को स्वीकार कर राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहने का निर्णय मेरे सहित राकांपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का उत्साह बढ़ाने वाला है। यह निर्णय देश में राकांपा, महा विकास आघाड़ी और विपक्षी दलों की एकता को मजबूत करने वाला साबित होगा।

अजीत पवार ने कहा कि राकांपा एक परिवार की तरह है और शरद पवार के नेतृत्व में ही पूरा परिवार विकास के मार्ग पर अग्रसर होता रहेगा। अजीत पवार ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि शरद पवार ने हम सभी के आग्रह पर और उनकी उम्र और स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए राष्ट्रीय



अजीत पवार की फाईल फोटो।

अध्यक्ष पद पर बने रहने का निर्णय लिया है। अब हम सबको मिलकर और अधिक जिम्मेदारी से काम करना है और एक साथ अधिक जोश के साथ काम करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करें।

अजीत पवार ने कहा कि वे शनिवार को पुणे में दौंड और कर्जत का दौरा करेंगे। इसके बाद 7 मई को बारामती, 8 मई को कोरेगांव, सातारा, 9 मई को सातारा और फलटन का दौरा करेंगे।

## शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में जयशंकर ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा

AGENCY NEW DELHI

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसकी जमकर खिंचाई की। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सीमा पार आतंकवाद सहित ह्यआतंकवाद के खतरेह्ल पर कड़ा बयान दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया एक तरफ कोविड से लड़ रही थी और दूसरी ओर आतंकवाद का खतरा बेरोकटोक जारी था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गोवा में एससीओ विदेश मंत्री शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्यों को याद दिलाया कि आतंकवाद का मुकाबला करना एससीओ के मूल उद्देश्यों में से एक है। अपने शुरूआती संबोधन में उन्होंने आज कहा कि आतंकवाद को किसी भी तरीके से सही नहीं ठहराया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद सहित इसके सभी प्रारूपों को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन मुहैया कराने के सभी चैनल पर भेदभाव से रहित रोक लगनी चाहिए।

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत एससीओ में बहुमुखी सहयोग के जरिए विकास और शांति, स्थिरता को बढ़ावा देने को बहुत महत्व देता है। जयशंकर ने आगे कहा कि एससीओ अध्यक्ष के रूप में भारत ने 14 से अधिक सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एससीओ पर्यवेक्षकों और संवाद भागीदारों को भाग लेने के लिए आमंत्रित कर उनके साथ जुड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वे एससीओ की तीसरी आधिकारिक भाषा के रूप में अंग्रेजी को बनाने के लिए भारत की लंबे समय से चली आ रही मांग के लिए सदस्य देशों का समर्थन चाहते हैं। इससे अंग्रेजी बोलने वाले सदस्य देशों के साथ गठजोड़ मजबूत होगा।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों का स्वागत किया। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक के लिए चीनी विदेश मंत्री किन गांग, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के अलावा किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान के विदेश मंत्रियों का स्वागत किया।

## राज्यपाल ने नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड का किया दौरा, कहा–
# गांवों का विकास हमारी पहली प्राथमिकता

PHOTON NEWS GIRIDIH

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। वे जैनियों के तीर्थराज मधुबन स्थित तमिलनाडु भवन फीनचे और यहां पर आयोजित लघु पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सिंघपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पारंपरिक लोक नृत्य के साथ उनका स्वागत किया गया।

राज्यपाल ने सिंहपुर में आंगनबाड़ी के केंद्र और स्कूल में बच्चों के बीच टॉफी बांटी। काफी देर तक बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं के समाधान कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सबसे पहले भारत माता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भले ही हमारे पंथ और भाषा अलग हों लेकिन हम सब भारतीय हैं और हम सब एक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता गांवों का विकास कराना है। इसके लिए भागीदारी व एकजुटता जरूरी है। अगर हम भी एकजुट रहेंगे तो विकास निश्चित होगा। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूल की चहारदीवारी के निर्माण की बात कही। इस पर राज्यपाल ने तुरंत डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को बिल पास कर चहारदीवारी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को परेशानी होती है तो तुरंत एसपी-डीसी को सूचना दें। वैसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। इस बीच कई लोगों ने कहा कि सिंहपुर पंचायत में पानी की समस्या भी है लेकिन इसपर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसपर राज्यपाल ने कहा कि सिंहपुर गावं में घर-घर तक पानी पहुंचेगा। यदि इस गांव के विकास के लिए फंड नहीं है तो तुरंत फंड दिया जाएगा। सिंहपुर पूरे राज्य में मॉडल के रूप में विकसित होगा। इसके बाद राज्यपाल पीरटांड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। यहां बच्चियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बच्चियों से बातचीत की और उनका हाल जाना।



राज्यपाल को मंगल कलश भेंट करते मंदिर कमिटी के सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

### राज्यपाल गिरिडीह के मधुबन स्थित चंद्रप्रभा मंदिर के धार्मिक अनुष्ठान में हुए शामिल

GIRIDIH : झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को जैन समाज के सर्वोच्च तीर्थस्थल सम्मेद शिखर मधुबन के तमिलनाडु भवन के चंद्रप्रभा मंदिर में आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए। मधुबन के तमिलनाडु भवन के चंद्रप्रभा मंदिर में उनका भव्य स्वागत मंदिर प्रबंधन कमिटी के महामंत्री और पुजारी जयपाल जैन शास्त्री समेत चंद्रप्रभा जैन मंदिर कमिटी के सदस्यों ने मंगल कलश भेंट किया। कर्नाटक से आए जैन मुनि मुतुपति स्वामी और पुजारी जयभाल जैन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचार, पूजा अर्चना, हवन आदि धार्मिक कार्यक्रमों में पूजा अर्चना कराया। राज्यपाल हवन में शामिल हुए और जैन मुनि संभव सागर जी समेत कई जैन मुनियों का आशीर्वाद लिया। मौके पर गिरिडीह के डीसी अमन प्रियेश लकड़ा, एसपी अमित रेणु समेत जिला एंव पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## वाई-20 सम्मेलन में युवाओं के स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरुकता पर हुआ मंथन

# युवा स्वस्थ रहेगा तो भारत भी सुरक्षित रहेगा: भारती प्रवीण पवार

AGENCY RISHIKESH

केंद्रीय राज्य हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर मंत्री भारती प्रवीण पवार ने कहा कि युवा स्वस्थ रहेगा तो भारत भी सुरक्षित रहेगा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवाओं के प्रति काफी जागरूक हैं, जो कि युवाओं के भविष्य को लेकर सभी प्रकार की सुविधाएं भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री पंवार शुक्रवार को यूथ-20 कंन्सल्टेशन का एम्स ऋषिकेश में चल रहे दो दिवसीय वाई-20 सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन विभिन्न देशों से आए डेलिगेट्स के विचार मंथन के दौरन युवाओं को खेलो इंडिया और स्वास्थ्य को लेकर नई दिशा उपलब्ध कराने में काफी हद तक सफल रहा। समिट के दूसरे दिन होलिस्टिक हेल्थ कॉन्कलेव कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय और




वाई-20 सम्मेलन में उपस्थित लोग। ● एजेंसी

राज्य के मंत्रियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट व्यक्तियों ने अपने विचार रखे।

इस मौके पर केंद्रीय राज्य हेल्थ एंड फैमिली वैलफेयर मंत्री ने कहा कि गंगा किनारे वाई-20 सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधि भी शांति और आध्यात्मिकता का अनुभव महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित किया जाना अत्यंत आवश्यक है । युवा स्वस्थ रहेगा तो भारत भी सुरक्षित रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवाओं के प्रति काफी जागरूक हैं, जो युवाओं को खेलो इंडिया के तहत सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। यह सम्मेलन भी युवाओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति युवाओं को प्रेरणा देने के लिए प्रधानमंत्री, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और उनकी पूरी टीम काफी प्रयत्नशील है । उन्होंने कहा कि भारत में हमारी प्राचीन योगा पद्धति ने अनेक बीमारियों से जूझने की शक्ति दी है। डिजिटल स्वास्थ्य ने भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




वाई-20 सम्मेलन में बोलती मंत्री भारती प्रवीण पवार। ● एजेंसी

इस मौके पर उत्तराखंड के शहरी एवं विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि वाई-20 सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य और खेल को लेकर किए जा रहे दो दिन से मंथन के दौरान बहुत कुछ निकलने वाला है, जिसमें महत्वपूर्ण भागीदारी युवाओं की है। भारत ही एक ऐसा देश है, जिसकी पहचान नौजवान युवाओं के देश के रूप में बनी है। प्रेमचंद ने कहा कि ऋषिकेश में बना एम्स मरीजों को उपचार के साथ स्वास्थ्य लाभ देने में भी सहायक सिद्ध हुआ है, जिसमें पहाड़ी क्षेत्रों के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों की हैली सेवा से यहां लाकर उपचार किया जा रहा है। वहीं ड्रोन के माध्यम दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

सम्मेलन में उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, नगर निगम मेयर अनीता ममगांई, सहित नेशनल मेडिकल कांउन्सिल के अध्यक्ष प्रो बीएन गंगाधर, पीजीआईईएमआर चण्डीगढ़ के पूर्व निदेशक प्रो केके तलवार, एम्स मंगलागिरी के निदेशक प्रो मुकेश त्रिपाठी, उपनिदेशक प्रशासन एम्स ले कर्नल एआर मुखर्जी, डीन एकेडेमिक्स प्रो जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 संजीव कुमार मित्तल सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के संकायगणों सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## BRIEF NEWS

### नवनिर्मित पार्क के संचालक द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं की शिकायत पर कांग्रेस के नेताओं ने किया औचक निरीक्षण

RAMGARH : समाहरणालय परिसर में नवनिर्मित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क के संचालक द्वारा बरते जा रहे हैं कई तरह के अनियमितताओं की शिकायत को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि पार्क में प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने तरीके से राशि की वसूली की जा रहे हैं मौके पर मौजूद नागरिकों द्वारा बताया गया कि पार्क के संचालक द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने ढंग से राशि की वसूली की जा रही है उनके द्वारा बताया गया कि शुरूआत में प्रवेश शुल्क के नाम पर ?10 लिया जाता था परंतु कुछ दिनों के बाद ?50 लिया जाने लगा आज ?30 प्रवेश शुल्क के नाम पर लिया जा रहा है इसके साथ ही साथ कुछ सामग्री साथ ले जाने पर अलग से 400 ?500 की मांग की जाती है। मौके पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर द्वारा उपायुक्त रामगढ़ एवं अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रभारी नगर परिषद रामगढ़ को दूरभाष पर सारी बातों से अवगत कराया कराया तथा पार्क संचालक के मनमानी रवैया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संचालक पर करवाई की मांग की साथ ही साथ प्रवेश शुल्क की दरों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किये। पदाधिकारी द्वय द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत देने पर निश्चित रूप से कार्रवाई की बात कही गई। मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव, सहजाद खान, बलराम साहू, संजय साव,आसिफ इकबाल, राम उद्दीन अंसारी नईम अंसारी तौफीक मुखिया इनाम अंसारी संजू गुप्ता इत्यादि मौजूद थे।

### विधायक इरफान अंसारी का हिंदू संगठनों ने जलाया पुतला

RAMGARH : बजरंग दल के खिलाफ विवादित बयान देने पर हिंदू संगठन के नेताओं ने कांग्रेसी नेता इरफान अंसारी का जमकर विरोध किया। शुक्रवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी का पुतला फूंका गया। मौके पर दीपक मिश्रा ने कहा कि केरल स्टोरी नाम से जो फिल्म रिलीज हुई है, उसमे हजारों हिंदू युवतियों के लव जिहाद में फंसने और जीवन बर्बाद होने का पूरा वृतांत बताया गया है, जो सच्ची घटनाओं और आज के परिवेश पर आधारित है। इसीलिए फिल्म की लोकप्रियता से बौखलाए हुए हिंदू विरोधी मानसिकता वाले लोग उल जुलूल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी ने मिलकर न्यू शांति सिनेमा के प्रबंधक से हमने बात कर फिल्म को चलवाने का अनुरोध किया है। प्रबंधक ने भी अपनी सहमति जताते हुए बहुत जल्द फिल्म का प्रसारण अपने सिनेमा में करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यजीत चौधरी, वरुण तिवारी ,अविनाश गुप्ता, पब्जी बजरंगी, सागर राम, गौतम राम सहित अनेक रामभक्त उपस्थित थे।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में भाग लेने लंदन रवाना

NEW DELHI : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में भाग लेने के लिए दो दिवसीय लंदन यात्रा पर रवाना हुए। उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी हैं। ब्रिटेन ने भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को राज्याभिषेक समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। धनखड़ समारोह में अन्य देशों और सरकारों के प्रमुखों सहित लगभग 2 हजार गणमान्य व्यक्तियों के साथ शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक समारोह में भाग लेने के लिए लंदन, यूनाइटेड किंगडम के लिए रवाना हुए। इससे पहले ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक समारोह की तैयारियों के सिलसिले में मंगलवार को नई दिल्ली में धनखड़ से मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि राज्याभिषेक समारोह शनिवार को लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में आयोजित होगा। शाही परिवार के अनुसार शनिवार की सुबह किंग चार्ल्स तृतीय और कैमिला किंग बकिंघम पैलेस से डायमंड जुबली स्टेट कोच में वेस्टमिंस्टर एब्बे की यात्रा करेंगे। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ के राजकीय अंतिम संस्कार में भाग लेने लंदन गई थीं।

### पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल भाजपा में हुए शामिल

NEW DELHI : पंजाब विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष चरणजीत सिंह अटवाल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर चरणजीत सिंह अटवाल को बधाई दी। अटवाल ने 19 अप्रैल को शिरोमणि अकाली दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अटवाल 1997 से 2002 तक और फिर 2012 से 2017 तक पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष रहे। इसी बीच 2004 से 2009 तक देश की 14वीं लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे। वे लोकसभा में पंजाब के फिल्लौर से चुनकर आए थे। इससे पहले चरणजीत के बेटे शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व विधायक इंदर इकबाल सिंह अटवाल अन्य लोगों के साथ 9 अप्रैल को भाजपा में शामिल हुए थे।

### शंकर न होते तो यह भारत ही न होता : सीएम शिवराज

MADHYA PRADESH : शंकराचार्य न हुए होते तो ना भारत, भारत के रूप में रहता। न हम होते। शंकराचार्य भारतीय चेतना एवं संस्कृति के जागरण के नायक हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शुक्रवार को ओंकारेश्वर में आयोजित आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा आयोजित संवाद विमर्श कार्यक्रम के दौरान कहीं। कार्यक्रम का संचालन मनोज मुंतशिर ने किया। प्रभावी प्रस्तावना आशुतोष सिंह ने रखी और प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेशक शासन का काम जन सुविधाओं को देना हैं, पर सरकार का काम जन के मन को सुधारने का भी है। सीएम शिवराज बोले, मैं अभिभूत हूं, निश्चित ही मैं अभिभूत हूं क्योंकि एक स्वप्न साकार हो रहा है। शंकर ने सनातन धर्म पर आए संकट के निवारण के लिए ही जन्म लिया।

## पेज एक का शेष...

### PMLA COURT में पेशी के बाद...

गुरुवार की रात छवि रंजन की गिरफ्तारी से पहले उनकी पत्नी को मुलाकात करने के लिए ईडी ऑफिस बुलाया गया था। कुछ देर रुकने के बाद उनकी पत्नी वहां से निकल ग्गई थी। इस दौरान छवि रंजन के अधिवक्ता भी ईडी ऑफिस पहुंचे थे। अपने मुवक्किल से मिलने के बाद अधिवक्ता ने विस्तार से कुछ नहीं बताया था। सिर्फ अपने मुवक्किल से मिलने की बात कहते हुए निकल गये थे। शुक्रवार की सुबह से ही ईडी ऑफिस के बाहर गहमा-गहमी तेज थी। सुबह में छवि रंजन के घर से खाना आया। उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए डॉक्टर भी पहुंचे। डॉक्टर ने छवि रंजन के स्वास्थ्य की जांच करने के बाद स्थिति सामान्य बताया। इसके बाद छवि रंजन को जज कॉलोनी ले जाने की चर्चा होने लगी। लेकिन, ऐन वक्त पर ईडी ने छवि रंजन को जज कॉलोनी की जगह पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश के कोर्ट में पेश किया। बता दें कि ईडी ने अपने जांच के दौरान पावर ब्रोकर के रूप में चिह्नित प्रेम प्रकाश सहित जमीन के दस्तावेज में जालसाजी करने वालों के साथ छवि रंजन के मधुर संबंधों और उन्हें मदद पहुंचाने से संबंधित तथ्य मिले। गुरुवार को ईडी की पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने खुद को निर्दोष साबित किया और सभी आरोप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर मढ़ते रहे। वहीं, छवि रंजन ने प्रेम प्रकाश से मिलने की बात से भी इनकार किया। हालांकि, जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज को दिखा कर पूछे गये सवालों में छवि रंजन उलझ गये।

BRIEF NEWS

### रांची नगर निगम 150 लोगों पर करेगा सर्टिफिकेट केस

रांची : नगर निगम 150 लोगों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस करेगा। निगम की ओर डिफाल्टरों की सूची जारी की गयी है। जानकारी के अनुसार 2015 से 2020 तक कुछ लाभुकों की ओर से प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त की राशि मिलने के बाद भी उसके अनुरूप काम नहीं किया है। निगम ने कहा है कि जिन लाभुकों ने मिली राशि के अनुरूप काम नहीं किया है, वे जल्द से जल्द काम करवा कर निगम को लिखित जानकारी दें। नहीं तो नगर निगम उन पर सर्टिफिकेट केस करेगा।

### दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी को उम्र कैद

**रांची** : अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने गुरुवार को आपसी विवाद में दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी कांके निवासी सुमित मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोप है कि सुमित मुंडा ने घर में सो रहे तेतरू पाहन एवं लखिया देवी की हत्या धारदार हथियार से कर कर दी थी। मामले को लेकर 26 फरवरी 2021 को गोंदा थाना में कांड संख्या 14/21 दर्ज हुआ था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई थी। घटना को अंजाम आपसी विवाद को लेकर दिया गया था।

### प्रशासन की मिलीभगत से हो रही जमीन की लूट : अमर महतो

**रांची** : राजधानी में फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने का काम तेजी से हो रहा है जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा से लेकर अंचलाधिकारी तक शामिल है। रांची जिले के भू -अभिलेख कार्यालय में जमीन दलालों का अड्डा बना रहता है। दस्तावेज से छेड़छाड़ कर मूल जमीन रयत का नाम एवं जाति बदल देते हैं। उक्त बातें नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश महासचिव अमर महतो ने एक बयान में कही है। उन्होंने कहा अधिकारियों की मिलीभगत से सैकड़ों एकड़ जमीन रांची, खूंटी ,जमशेदपुर, सिमडेगा, गुमला में तेजी से हो रहा है।' अंचलाधिकारी को लाखों रुपए गलत दस्तावेज के आधार पर दाखिल खारिज करने के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने कहा है कि गैर -मजूरा भूमि पर पैसे लेकर दखल दिलाने का कार्य करते हैं। पुलिस विभाग में जमीन संबंधित विभाग पक्षपात रूप कार्यशैली करती है। न्याय दिलाने के नाम पर लाखों रुपए लिए जाते हैं। शहर में इन दिनों जमीन से संबंधित हत्या, मारपीट, गोलीबारी की घटना में तेजी आई है।

### रमन झा बने इक्फाई विश्वविद्यालय के नये कुलपति

**रांची** : प्रोफेसर (डॉ.) रमन कुमार झा इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड में नए कुलपति के रूप में शामिल हुए। वे झारखंड राज्य के एक अनुभवी शैक्षिक नेता हैं। वह वर्ष 2016-22 से एमिटी विश्वविद्यालय झारखंड के पूर्व संस्थापक कुलपति थे। एमिटी, विश्वविद्यालय में शामिल होने से पहले, प्रोफेसर झा इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश में 2013 से 2016 तक द्वितीय कुलपति थे। वह पूर्व-संस्थापक प्राचार्य 2003 से 2009 तक सुरेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल और डीन एंड प्रोफेसर, सिक्किम मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सिक्किम के थे। 1990-1997 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवा दी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# Traffic Rules का पालन नहीं करने वालों ने भरा छह माह में बीस हजार का चालान

**PHOTON REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची के कुछ लोग ट्रैफिक नियम का पालन करने को लेकर लापरवाह हैं। इसका अंदाजा एक नवंबर, 2022 से 30 अप्रैल तक पिछले छह माह में कट चुके 20 हजार 683 ट्रैफिक चालान से लगाया जा सकता है। इस वजह से आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। हालांकि, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर पकड़े जाने पर कुछ युवा और युवतियों का कहना था कि हेयरस्टाइल खराब होने के डर से वह हेलमेट नहीं पहनते हैं।


ट्रैफिक नियमों के पालन करने को लेकर लोगों को जागरूक करता सिपाही।

इस दौरान 3599 लोगों को बाइक पर ट्रिपल राइडिंग के लिए जुमार्ना लगा है। बिना हेलमेट के 1330, कार में बिना सेफ्टी बेल्ट लगाए 1788, कार में काला शीशा लगाने में 231, प्रेशर हॉर्न 282 और रेड लाइट जंप के 13453 लोगों ने उल्लंघन किया है। सभी लोगों से अलग-अलग एमवी एक्ट की धाराओं में जुमार्ना वसूला गया है। आंकड़ों को गौर करे तो सबसे ज्यादा लोगों ने 13453 रेड लाइट जंप किया है।

ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि राजधानी में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन के खिलाफ लगातार फाइन काटा जा रहा है। राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस लगातार जाम से निजात दिलाने के लिए अभियान चला रही है। साथ ही लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लगातार जागरूक भी कर रही है। इसके बावजूद राजधानी के लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। आये दिन चौक-चौराहों पर मौजूद यातायात के सिपाही ट्रैफिक नियमों को लेकर लोगों को जागरूक भी करते हैं।

## हाई कोर्ट से बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने मांगा समय

**PHOTON REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देनेवाली जलेश्वर महतो की चुनाव याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में शत्रुघ्न महतो को फिर से गवाही के लिए बुलाए जाने को लेकर दिए गए आवेदन पर जवाब दाखिल करने के लिए ढुल्लू महतो ने दो सप्ताह का समय मांगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 19 मई निर्धारित की है।

ढुल्लू महतो की ओर से अधिवक्ता अजय शाह, विभास कुमार सिन्हा ने और जलेश्वर महतो की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने पैरवी की। जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि जिस समय ढुल्लू महतो ने अपना नामांकन जमा किया था, उस समय वे डिसक्वालिफाइड थे, क्योंकि उनको अलग-अलग धाराओं में सजा हुई है, जिसे मिलाकर दो साल से ज्यादा का समय हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले को आधार बनाते हुए कहा गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर को उसी समय ढुल्लू महतो का नामांकन कर रद्द कर देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने नहीं किया।

## भाकपा ने कार्ल मार्क्स की जयंती पर दी श्रद्धांजलि


भाकपा राज्य कार्यालय में श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता।

**PHOTON REPORTER RANCHI :** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को कार्ल मार्क्स की 205वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्ल मार्क्स के दर्शन एवं वर्तमान दौर की राजनीति पर भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं नौजवान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखजिंदर महेश्वरी ने कहा कि कार्ल मार्क्स का दर्शन हमें हमेशा शोषित वंचित समाज को मुख्य धारा में लाने के लिए प्रेरित करता है। कार्ल मार्क्स ने विश्व को एक नई सोच दी है। कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि कार्ल मार्क्स ने दुनिया को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

इस अवसर पर इशाक अंसारी,धर्मवीर सिंह, श्याम चक्रवर्ती, मनोज ठाकुर, राजेश राय, इम्तियाज, अहमद खान और जयंत पांडे उपस्थित थे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**PHOTON REPORTER RANCHI :** नामकुम थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को नाबालिग ने नामकुम थाना में सूर्यकांत मुंडा उर्फ सूरजु मुण्डा, रवि मुंडा उर्फ बोडा मुंड़ा, प्रदीप मुंड़ा उर्फ पुंडी पाहन एवं एक अन्य युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 27 अप्रैल की शाम नाबालिग गांव के दुकान गई थी। इसी दौरान घात लगाए चार आरोपितों ने नाबालिग को कब्जे में लेकर जान से मारने की धमकी दी और एक घर में ले गए , जहां चारों ने दुष्कर्म किया। सुबह चारो शौच के लिए निकले तो किसी तरह भागकर अपने मामा के घर चली गई।

## मोरहाबादी के मेगा ट्रेड फेयर में देर रात्रि तक हो रही खरीदारी, लोगों में उत्साह

**PHOTON REPORTER RANCHI :** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में लोग देर रात्रि तक खरीदारी कर रहे हैं। फेयर में लोगों को उत्साह दिख रहा है। लोग विभिन्न प्रकार केउत्पादों को देख रहे और उसकी खरीदारी भी कर रहे हैं। शुक्रवार को भी बुद्ध पूर्णिमा की छुट्टी होने के कारण लोग अपने परिवार के साथ पहुंचे। लोग खरीदारी के साथ खाने का भी आनंद उठाया। फेयर में कई स्टालधारकों द्वारा दिये जा रहे ऑफर भी लाभ लोग उठा रहे हैं। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही हैं। वहीं, फर्नीचर इंटीरियर हॉल में लोग जा रहे हैं। वहां फाउंटेन, फर्नीचर, मसाज कुर्सी आदि की जानकारी ले रहे हैं और लोग बुकिंग भी करा रहे हैं। कारों की भी बुकिंग चल रही है।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने कहा कि फेयर में लोगों के बीच उत्साह का माहौल दिख रहा है। चैंबर ने लोकल फॉर वोकल के तर्ज पर स्थानीय व्यापारियों को भी फेयर में मौका दिया है, ताकि वो अपने उत्पादों की ब्रांडिंग कर सके। बाहर से आये हुए व्यापारियों के साथ लोग अपने आइडिया भी शेयर कर रहे हैं। राज्य के विकास की गति को देने का एक प्रयास चैंबर की ओर से किया गया है। स्थानीय के अलावा बाहर से आये व्यापारियों भी बिक्री से खुश है।

ट्रेड फेयर में झारखंड चैंबर की ओर से राज्य के कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें रूपा रानी तिर्की, चंदन सिंह, लवली चौबे, दिनेश कुमार, सुनील बहादुर आदि शामिल है। वहीं, झारखंड चैंबर के पर्यावरण उपसमिति की ओर से सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। पर्यावरण उपसमिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल की देखरेख में पेटिंग के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। मौके परद चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, प्रवक्ता ज्योति कुमारी आदि मौजूद थे।

### हाई कोर्ट में हुई संतोष यादव की जमानत पर सुनवाई

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में शुक्रवार को साइबर फ्रॉड से अर्जित राशि के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित संतोष यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया।

संतोष यादव के पास से पुलिस ने 15 लाख रुपये की राशि बरामद की थी। यह मामला देवघर मधुपुर थाना में अपराध संख्या 351/2017 पर साइबर क्राइम के तहत दर्ज किया गया था, जिसके आधार पर बाद में ईडी ने भी ईसीआईआर 6-2022 दर्ज किया। ईडी कोर्ट ने संतोष यादव को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद संतोष यादव की ओर से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई। मामले की अगली सुनवाई तीन जुलाई को होगी।

## झारखंड में न्यूरोलॉजी के इलाज की बेहतरीन सुविधा जल्द, रांची के कांके में बनेगा 500 बेड का अस्पताल

**PHOTON REPORTER RANCHI :** झारखंड के लोगों को अब न्यूरोलॉजी की गंभीर बीमारियों का इलाज और सर्जरी करवाने के लिए बेंगलुरु नहीं जाना पड़ेगा। लोग रांची के कांके में ही इलाज और सर्जरी करवा पाएंगे। कांके में 500 करोड़ रुपये की लागत से 500 बेड का अस्पताल बनेगा। यहां साइकियैट्री के साथ-साथ न्यूरोलॉजी की भी व्यवस्था रहेगी। केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) रांची के निदेशक प्रो. (डॉ.) बासुदेव दास ने यह जानकारी दी।




प्रो. दास का कहना है कि मानसिक रोगों को लेकर लोगों में स्टिग्मा बहुत ज्यादा होता है। इसलिए वह इसे छिपाने की कोशिश करते हैं। इलाज भी नहीं कराना चाहते। प्रस्तावित अस्पताल को बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान ( एनआईएमएचएएनएस ) की तर्ज पर झारखंड के मेंटल हेल्थ को न्यूरोसाइंसेज से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। अगर अस्पताल को न्यूरोसाइंसेज जा दर्जा मिल जाएगा, तो उसकी स्वीकार्यता भी बढ़ेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग यहां इलाज कराने आएंगे।

प्रो. दास के मुताबिक रांची के सीआईपी कैंपस में 500 बेड का नया अस्पताल प्रस्तावित है। इस पर 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर, वार्ड, ओपीडी की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा -मेरा ख्याल है कि नए अस्पताल में सीआईपी की तरह ही लोगों का कम पैसे में ही इलाज किया जाएगा। हमारी यही कोशिश होगी कि कम से कम पैसे में लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा मिल सके। मगर यह राज्य सरकार पर निर्भर होगा कि वह अस्पताल को कैसे चलाना चाहती है।

## अमीबा से बिम्बिसार तक की बेजोड़ गाथा की हुई प्रथम स्क्रीनिंग

**PHOTON REPORTER RANCHI :** डॉ सुशील कुमार अंकन की फिल्म 'अमीबा से बिम्बिसार तक- प्रयोग और इतिहास की बेजोड़ गाथा' की प्रथम स्क्रीनिंग शुक्रवार को करमटोली स्थित 'द रांची प्रेस क्लब' में हुई।

डॉ अंकन ने फिल्म के बारे में बताया कि रांची के वरिष्ठ संस्कृतिकर्मियों, साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों पर बनाए जाने वाले धारावाहिक अपने शहर का आदमी की यह नौवीं कड़ी है। इस कड़ी में प्रसिद्ध नाट्यकर्मी एवं कवि, स्मृतिशेष अशोक पागल के जीवन वृत्त, उनके लिखे नाटकों, नाट्य वक्तव्यों, शोध आलेख, संपादित पत्रिकाएं और कविताओं को समेटा गया है। फि ल्म प्रदर्शन के बाद अशोक पागल की पत्नी उषा साहू को फि ल्म के निमार्ता निर्देशक डॉ सुशील कुमार अंकन ने फि ल्म की एक कॉपी उपहार स्वरूप भेंट की।

उन्होंने कहा कि अपने शहर का आदमी श्रृंखला में इससे पहले आठ विशिष्ट व्यक्तियों पर फि ल्में बनाई जा चुकी हैं। इनमें प्रभात ठाकुर (सितार वादक), डॉक्टर श्रवण कुमार गोस्वामी (साहित्यकार), बलदेव नारायण ठाकुर (अभिनेता), तिनकौड़ी साहू (नागपुरी रेडियो कलाकार एवं लेखक), विद्याभूषण (कवि एवं समीक्षक), प्रणति लाहिरी (रवीन्द्र संगीत साधिका), डॉक्टर गनौरी राम (कार्यक्रम अधिशासी-कृषि, आकाशवाणी) , चंद्रमोहन खन्ना (अभिनेता) शामिल हैं।

इस फि ल्म के प्रदर्शन से पहले हस्ताक्षर नाट्य संस्था के स्थापना काल 1971 से जुड़े कुछ रंगकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। इनमें कुलदीप सिंह दीपक, ईश्वर लाल राजप्रिय, महेंद्र अनंत, दारोगा सिंह, चित्रा लोहानी, शुभा गुप्ता, खुकु रानी दास, शुभ्रा मजुमदार शामिल हैं। मुख्य अतिथि सीपी सिंह और विद्याभूषण ने इस फि ल्म को एक दस्तावेज बताया ।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 15 मई को

**PHOTON REPORTER RANCHI :** गोस्सनर कॉलेज रांची आईक्यूएसी तथा झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के तत्वावधान में 15 मई को गोस्सनर कॉलेज ऑडिटोरियम में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। इस संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का दर्शन है। इसे सफल बनाने के लिए संगोष्ठी पूर्व बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. ईलानी पूर्ति सह संरक्षक ने महाविद्यालय में हो रही तैयारियों की जानकारी दी। झारखंड फिलोसॉफिकल फोरम के सचिव डॉ. पीके सिन्हा एवं अध्यक्ष डॉ. अशरफ बिहारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी सभी के बीच साझा किया। बैठक में डॉ. पीके गुप्ता, असिस्टेंट बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन आदि उपस्थित थे।

## ज्ञानी जैल सिंह की जयंती पर चला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**PHOTON REPORTER RANCHI :** छात्र क्लब चिकित्सक मंच के तत्वावधान में एवं क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के नेतृत्व में देश के पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह की जयंती पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जसलोक हॉस्पिटल, इटकी रोड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.जितेंद्र सिन्हा ने



स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में शामिल छात्र क्लब के कार्यकर्ता।

अपने सामाजिक दायित्व के तहत क्लब को हजारों कपड़े की थैली डोनेट किया। जिसे क्लब एवं हॉस्पिटल के पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों बाजरा, टंगराटोली, हेहल बस्ती, मधुकम बस्ती मे वितरित किया गया। मौके पर डॉ. जितेंद्र सिन्हा ने गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों एवं उससे बचाव की जानकारी दी। मौके पर आर.एन.प्रसाद, सुधांशु तिवारी, मजहर अंसारी, सागर कुमार आदि उपस्थित थे।

### हरमू स्थित मिथिला दलान में जुटे मैथिली साहित्याकर

## मैथिली कविता संग्रह 'असमाहि हमर हाथ' का विमोचन

**PHOTON REPORTER RANCHI :** 'असमाहि हमर हाथ' एक विस्फोटक कविता संग्रह है, जिसके प्रकाशन के तुरंत बाद मैथिली के पारंपरिक रचनाकारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और इस पुस्तक की भूमिका लिखने वाले प्रगतिशील कवि जीवकांत सहित कवि द्वय गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के खिलाफ अनर्गल प्रलाप शुरू हो गया था लेकिन जीवकांत अपनी बात पर अडिग रहे।

यह बात रांची के हरमू स्थित मिथिला दलान पर शुक्रवार को आयोजित गंगानाथ गंगेश और उपेंद्र के संयुक्त मैथिली काव्य संग्रह 'असमाहि हमर हाथ' के दूसरे संस्करण का लोकार्पण करते


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि और मौके पर उपस्थित मैथिली साहित्यकार।

हुए साहित्य अकादमी में मैथिली परामर्श दात्री समिति के सदस्य प्रमोद कुमार झा ने कही। उन्होंने कहा कि असमाहि हमर हाथ मैथिली की प्रतिरोधी कविता का प्रतिनिधि स्वर है, जिसकी भूमिका लिखकर जीवकांत ने बहुत ही साहसिक कार्य किया। बेशक उन्हें वर्षों तक परंपरावादियों का कोपभाजन बनना पड़ा लेकिन मैथिली काव्य साहित्य के समक्ष दो प्रतिरोधी स्वर प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

झा ने कहा कि इस काव्य संग्रह का एक संबंध रांची से भी जुड़ा हुआ है। क्योंकि, 1970 में जब यह संग्रह पहली बार प्रकाशित हुआ था, तो रांची के कवियों पर इसका इतना प्रभाव पड़ा कि 1972 में सोमदेव की भूमिका के साथ चार कवियों का संयुक्त काव्य संग्रह धुरी का प्रकाशन हुआ। यही नहीं सोमदेव के संपादन में मैथिली के अग्निजीवी पीढ़ी के कवियों का संकलन भी इसी संग्रह के प्रभाव में प्रकाशित हुआ था।

डॉ. नरेन्द्र झा ने कहा कि नयी पीढ़ी के रचनाकारों को इस किताब से अवश्य गुजरना चाहिए।

## जैप वन डोरंडा के बौद्ध मंदिर में की गयी पूजा-अर्चना

**PHOTON REPORTER RANCHI :** अहिंसा परमो धर्म के महान प्रवर्तक तथागत भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जैप वन डोरंडा में अवस्थित बौद्ध मंदिर में पूजा अर्चना के साथ भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने सहयोगी आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, रोहित प्रियदर्शी उरांव, शिव उरांव एवं मेंहुल दूबे के साथ भगवान बुद्ध की मंदिर पहुंचे पूजा अर्चना की, दीप प्रज्वलित किया एवं लामाओं से आशीर्वाद लिया एवं राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। झारखंड की राजधानी रांची के डोरंडा में बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा जैप वन के सहयोग से भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दी है।

इसके पूर्व पूर्वाहन 10:30 बजे जैप वन के समादेष्टा वाईएस रमेश सपत्नीक एवं झारखंड प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने भगवान बुद्ध की मूर्ति पर पुष्प अर्पित की एवं दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष पामेन जिम्बा के नेतृत्व में मस्तक पर गोमांग रखकर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें कुछ दूर तक समादेष्टा वाईएस रमेश एवं पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे भी शोभायात्रा में शामिल हुए।

अपने संदेश में जैप वन के समादेष्टा वाईएस रमेश ने कहा गौतम बुद्ध एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने पूरे संसार को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाया था।

BRIEF NEWS

### खूंटी में बुद्ध जयंती पर मोटिया मजदूर संघ ने अस्पताल में बांटे फल

**KHUNTI :** भगवान बुद्ध की जयंती पर असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने शुक्रवार को संघ के कार्यकताओं के साथ सदर अस्पताल के मरीजों के बीच फलों का वितरण किया। साथ ही संघ के सदस्यों ने हितुटोला गांव के एक मरीज विकास रुंडा को अस्पताल में भर्ती भी कराया। इस मौके पर पवन महतो, आनंद बैठा, राजेश महतो, रेखा देवी, सुनीता देवी, इम्तियाज अंसारी, कलीम अंसारी, राहुल, अनीता देवी, कुलदीप महतो इमानुएल मुंडू आदि मौजूद थे।

### साहिबगंज में असलहा के साथ गिरफ्तार

**SAHIBGANJ :** पुलिस ने सुजय दास को देसी कट्टा, देशी राइफल और 18 चक्र गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वह बोरियो जिरवावाडी थाना कांड में आरोपित है। साहिबगंज पुलिस अधीक्षक अनुरंजन केसपोट्टा ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बोरियो जिरवावाडी थाना कांड संख्या 93/23 मामले में जांच कमेटी गठित करते हुए एसडीपीओ राजेंद्र दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। इसमें पांच मई को गुप्त सूचना के आधार पर सुजय दास को गिरफ्तार किया गया।

### लोहरदगा में ईश्वरीय विवि की कार्यशाला

**LOHARDAGA :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र लोहरदगा में हेड क्वार्टर पर माउंट आबू से आए राजेश भाई ने शहर में स्थित शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं एमएल अग्रवाल एमबीएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए अनकंडीशनल सक्सेस विषय पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा के शिशु मंदिर में मनाई बुद्ध पूर्णिमा

**LOHARDAGA ;** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना के पश्चात यह उत्सव प्रारंभ हुआ। महात्मा बुध के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। कार्यक्रम को गणेश साहू, नंद किशोर साहू और महेंद्र मिश्र ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग में महिला के गले से सोने की चेन छीनी

**HAZARIBAG :** शहर के लोहसिंघना थाना के बगल में घर से बाहर टहल रही महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन छीन ली। घटना शुक्रवार सुबह की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरिता देवी रोज दिन की तरह घर के पास टहल रही थी। इसी बीच पीछे से बाइक पर सवार दो युवक आए और महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। इस दौरान महिला जख्मी भी हुई है। बताया गया कि महिला सरिता देवी नेशनल पब्लिक स्कूल में काम करती है। महिला ने बताया कि घटना के बाद वह लोहसिंघना थाना पहुची जहां अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

### दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी को उम्र कैद

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त एसएम शाहजाद की अदालत ने गुरुवार को आपसी विवाद में दोहरे हत्याकांड मामले में दोषी कांके निवासी सुमित मुंडा को उम्र कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोप है कि सुमित मुंडा ने घर में सो रहे तेतरू पाहन एवं लखिया देवी की हत्या धारदार हथियार से कर कर दी थी। मामले को लेकर 26 फरवरी 2021 को गोंदा थाना में कांड संख्या 14/21 दर्ज हुआ था। अभियोजन की ओर से 11 गवाहों की गवाही हुई थी। घटना को अंजाम आपसी विवाद को लेकर दिया गया था।

# जंगली हाथियों ने एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल कर मार डाला

**PHOTON NEWS LATEHAR**

जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्हन गांव के एक ईट भट्ठे में गुरुवार रात जंगली हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया । इस दौरान हाथियों ने ईट भट्ठे में काम करने वाले एक ही परिवार के तीन लोगों को कुचल कर मार डाला। मृतकों में फनु भुइयां (35), पत्नी बबीता देवी (30)तथा इनकी तीन वर्षीय बच्ची शामिल है। मृतक गढ़वा जिले के भंडरिया के रहने वाले हैं। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बताया जाता है कि मजदूर फनु भुइयां ईट भट्ठा में एक छोटे से झोपड़ी में अपनी पत्नी और एक छोटी बच्ची के साथ सोया हुआ था। इसी दौरान देर रात अचानक हाथियों के झुंड ने ईट भट्टे पर धावा बोल दिया। हाथियों ने झोपड़ी में सोए फनु भुइयां, उसकी पत्नी बबीता देवी और तीन वर्षीय बेटी को कुचल कर मार डाला। इस दौरान वहां काम कर रहे अन्य मजदूर किसी प्रकार अपनी जान बचाकर वहां से भागे। वहां काम करने वाले अन्य मजदूरों ने बताया कि रात अचानक हाथियों ने हमला कर दिया और झोपड़ी में सो रहे मजदूरों को मार डाला। इस दौरान झुंड में 12 से अधिक हाथी शामिल थे। घटना के समय अन्य मजदूर अपनी जान किसी प्रकार बचाकर वहां से भागे। बाद में सभी हाथी जंगल की ओर चले गए।

इधर घटना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी ली। वन अधिकारियों ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलवाया जाएगा। वही हाथियों को भगाने के लिए बाहर से टीम बुलाई जा रही है।

## हाथी ने ढोल बजाने वाले को पटककर मार डाला



मृतक के पास जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● द फोटोन न्यूज

**KODARMA :** झारखंड के कोडरम जिले के मरकच्चो में आज (शुक्रवार) सुबह एक हाथी ने एक व्यक्ति को पटककर कुचल दिया। ग्रामीणों के मुताबिक यह वारदात थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत अंतर्गत ग्राम अम्बाडीह धोबाडवा नदी के पास हुई है। बिरनी थाना क्षेत्र के पडरिया पंचायत के ग्राम वृंदा का लखन दास (55) शादी समारोह में ढोल बजाकर सुबह अपने गांव जा रहा था। नदी के पास हाथी ने उसे पटककर मार दिया।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र आर्यन ने बढ़ाया मान

**PHOTON NEWS PALAMU**



प्राचार्य के साथ विकास गुप्ता। ● द फोटोन न्यूज

नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वितीय आश्रम वर्ग के आनंद आश्रम के छात्र आर्यन गुप्ता ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हैदराबाद के तत्वावधान में अखिल राष्ट्रीय स्तर पर युवा वैज्ञानिक खोज कार्यक्रम के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इसरो (इसरो) द्वारा आयोजित इस परीक्षा में आर्यन ने नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। ₹होनहार बिरवान के होत हैं चिकने पात₹ मुहावरे को चरितार्थ करते हुए यह छात्र अपने कक्षा का भी सर्वोत्कृष्ट छात्र रहा है। साथ ही यह विद्यालय छात्र प्रभारी मंडल का भी एक सक्रिय सदस्य है। विज्ञान में विशेष तौर पर भौतिकी में उसकी गहरी रुचि है।

आर्यन गुप्ता भौतिकी शिक्षक डॉ राजेश चंद्र गुप्ता का बड़ा पुत्र है। वह पिता की तरह ही अंतरिक्ष विज्ञान में गहरी समझ रखता है। आर्यन की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनके सहपाठियों एवं सभी शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने सम्मेलन में आर्यन गुप्ता को सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि चयनित प्रतिभागियों को 14 मई से 27 मई तक इसरो हैदराबाद में अंतरिक्ष की विशेषताओं एवं बारीकियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाना है।

# GOBARDAHA में मण्डा पूजा संपन्न

## भक्तों ने अंगारों पर चलकर दिया भक्ति का अटूट परिचय

**PHOTON NEWS RAMGARH**



फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य। ● द फोटोन न्यूज

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 27 गोबरदरहा गांव में श्री श्री मण्डा पूजा समिति द्वारा वैशाख पूर्णिमा के दिन आयोजित मण्डा पूजा के शुभ अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रोशन कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया। ततपश्चात बंगाल के पुरुलिया से आये छऊ कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक पौराणिक कथाओं को दिखाया गया।

मौके पर मनोज कुमार महतो ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है। उन्होंने आगे कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है, जलते अंगारों पर चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं। मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं।

इसके अहले सुबह भोक्ताओं ने दहकते अंगारों पर चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिया।

मौके पर राजेन्द्र महतो, संजय महतो, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सचिव देवेंद्र कुमार, कमिटी अध्यक्ष चंद्रशेखर महतो, सचिव निरंजन महतो, कोषाध्यक्ष गणेश महतो, अरुण महतो, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, अनिल महतो, राजेन्द्र महतो, कृष्णा पांडेय, लालदेव महतो, पवन कुमार, श्याम कुमार, सुनील कुमार, बबलू कुमार, राहुल कुमार, हीरालाल महतो, कौलेश्वर महतो, प्रेमलाल महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# KHUNTI जिले में थम नहीं रही जंगलों में आग लगाने की घटनाएं

**PHOTON NEWS KHUNTI**




आग के कारण नष्ट हुए जंगल। ● द फोटोन न्यूज

जिले के विभिन्न जंगलों में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगाये जाने का मामला कम होता नहीं दिख रहा है। वन विभाग के अलावा जन प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों द्वारा बार-बार जंगलों में आग लगा देने से पेड़-पौधे तो जलकर नष्ट हो ही जाते हैं। साथ ही पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंचता है लेकिन शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आ रहे है।

तोरपा थाना क्षेत्र का टाटी जंगल हो या जरियागढ़ थाना का इंद्र वन या रनिया का टाल्डा जंगल। लगभग हर जंगल में पतझड़ के दिनों में ग्रामीणों द्वारा आग लगा दी जाती है। जानकारों का मानना है कि ऐसी घटना को अंजाम देने वालों को शायद इस बात का अंदेशा नहीं है कि वे पर्यावरण से किस तरह खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारों ने कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले कभी पकड़ में नहीं आते और न कभी उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई होती है। यही कारण है कि उनका मनोबल बढ़ता जाता है।

### कभी जंगलों में आग न लगाएं: सहायक वन संरक्षक

खूंटी वन प्रमंडल के सहायक वन संरक्षक अर्जुन बड़ाईक ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे जंगलों में कभी आग न लगाएं। उन्होंने कहा कि पतझड़ के मौसम में साल सहित अन्य पेड़ों के पत्ते सूखकर गिर जाते हैं। ऐसे में इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि गलती से भी उन पत्तों पर आग न लगे। इससे काफी नुकसान होता है। जड़ी-बूटियां, औषधीय पौधे, कीड़े-मकोड़े, सांप, चूहे और छोटे जंगली जानवर जलकर मर जाते हैं।

# बुलेट खरीदने के लिए पैसे नहीं मिले तो बेटे ने मां- बाप पर किया जानलेवा हमला

**PHOTON NEWS GIRIDIH**



अस्पताल में इलाजरत माता-पिता। ● द फोटोन न्यूज

नगर थाना इलाके के शिव मोहल्ला में बुलेट खरीदने के लिए पैसे नहीं मिलने से नाराज नशेड़ी बेटे ने अपने ही मां-बाप की जान लेने की कोशिश की। गंभीर स्थिति में दंपती को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है जबकि आरोपित बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बेटे अफजल अहमद के हमले से जख्मी बाप मोहम्मद शब्बीर अहमद और मां ताहिरा यास्मीन को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए दोनों को रेफर कर दिया गया। आरोपित अफजल अहमद को नगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार शब्बीर अहमद शिव मोहल्ला में एक छोटा सा तंबाकू की दुकान चलाते हैं। पिछले दिनों ही शब्बीर अहमद ने अपने बेटे के कहने पर उसे एक बाइक खरीद कर दिया था, लेकिन पिछले कई दिनों से नशेड़ी बेटे ने बुलेट खरीद कर देने की बात को लेकर अपने मां बाप पर दबाव बनाना शुरू कर दिया।इसी क्रम में गुरुवार शाम में अफजल अहमद नशे की हालत में घर आया और पिता से बुलेट खरीदने की जिद करने लगा। इस दौरान पिता ने उसे जब कुछ दिन रुकने को कहा, तो नशे में चूर बेटे ने अपने पिता पर भुजाली से वार कर दिया। बेटे के वार से पति को बचाने मां आई, तो बेटे ने उस पर भी भुजाली से वार कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इस दौरान हो हल्ला होने पर काफी संख्या में स्थानीय लोग मदद के लिए आए और दोनो को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस बीच घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर थाना ले गई। पुलिस ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### हजारीबाग में बसपा ने मनायी बुध पूर्णिमा

**PHOTON NEWS HAZARIBAG**

बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बसपा कार्यकताओं ने बुद्ध पूर्णिमा मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शीला देवी ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शीला देवी ने कहा कि ढाई हजार वर्ष पहले कलिंग की विनाशकारी युद्ध से दुखी होकर प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने बौद्ध भिक्षु के उपदेश शांति पाकर तथागत बुद्ध का मार्ग बौद्ध धर्म में दीक्षा लिया था। साथ ही हिंसा का मार्ग त्याग कर अहिंसा पर आधारित जीवन कल्याण मानव हित में शासन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सूरज कुमार सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अदाणी फाउंडेशन ने हरली हाईस्कूल में मनाया विश्व हाथ स्वच्छता दिवस




चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH**

बड़कागांव क्षेत्र में गोन्दलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने शुक्रवार को हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में "विश्व हाथ स्वच्छता दिवस" के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को हाथ की स्वच्छता के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा एक चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

शिक्षकों ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से स्वच्छता का महत्त्व और बढ़ गया है। अपने घर और आस-पड़ोस के साथ-साथ स्कूल और स्वयं की स्वच्छता का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इस दौरान शिक्षकों ने हाथ को स्वच्छ रखने के तरीके भी बताए और उससे जुड़ा एक डेमो छात्र-छात्राओं को दिखाया।

शिक्षकों ने कहा कि सूक्ष्मजीवों के कारण कई घातक और खतरनाक बीमारियां होती हैं। वे सभी किटाणु किसी न किसी तरह से हमारे शरीर के अंदर प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं, जो आसानी से हमारे हाथों से हो सकता है। ऐसे माइक्रोबियल हमलों के खिलाफ हाथ की स्वच्छता सबसे अच्छा बचाव है। कार्यक्रम के अंत में चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में बारहवीं कक्षा के अभिषेक कुमार को प्रथम, अंकित कुमार को द्वितीय और काजल कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## 44वीं बटालियन एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन

# NCC कैडेट्स भर्ती कैंप में 50 का चयन

**PHOTON NEWS PALAMU**




भर्ती कैंप में साक्षात्कार देते अभ्यर्थी। ● द फोटोन न्यूज

शहर में स्थित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 44वें बटालियन एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। यह भर्ती एनसीसी के कमांडेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में हुई।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान कैडेट से दौड़, पुश-अप कराया गया और स्टेडियोमीटर से हाइट मापी गई। चिकित्सकीय परीक्षण, पोस्चर डिफॉर्मिंग के साथ-साथ अभिलेख परीक्षण,आधार कार्ड, अंकपत्र फोटो का मिलान किया गया। चयनित विद्यार्थियों में विनीत राज, आयुष कुमार पांडे, अनंत कुमार, नव्या राणा, अतुल्य सिंह और राखी कुमारी सम्मिलित थी।

मौके पर कमांडेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि इस केंद्र से 50 कैडेट्स का चयन हुआ है, जिसमें 15 बालिका (जेडब्ल्यू) एवं 35 बालक (जेबी) की भर्ती हुई है। उन्होंने बताया कि कैडेट्स के रूप में विद्यार्थी जीवन में परिश्रम अनुशासन और अन्य जीवन उपयोगी बातें सीख कर अपने व्यक्तित्व में निखार लाते हैं एवं देश भक्ति भावना से परिपूर्ण होते हैं। स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने चयनित कैडेट्स को बधाई दी और शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर हवलदार लाल पुर्ती, हवलदार सर्वजीत सिंह एवं विद्यालय के खेल शिक्षक सह सीटीओ डॉक्टर राजेंद्र राणा आदि उपस्थित थे।

# अबुल कलाम आजाद पार्क में संचालक द्वारा किये जा रहे मनमानी वसूली का विरोध

**PHOTON NEWS RAMGARH**

रामगढ़ समाहरणालय परिसर में नवनिर्मित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में बरते जा रहे हैं कई अनियमितताओं की शिकायत पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा औचक जांच किया गया। जिसमें पाया गया कि पार्क में प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने तरीके से राशि वसूली की जा रही है।

मौके पर मौजूद नागरिकों ने बताया गया कि पार्क के संचालक द्वारा प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने ढंग से राशि की वसूली की जा रही है।

बताया गया कि शुरूआत में प्रवेश शुल्क के नाम पर 10 रुपये लिया जाता था। कुछ दिनों के बाद 50 रुपये लिया जाने लगा। लोगों के विरोध करने के बाद आज से 30 रुपये प्रवेश शुल्क के नाम पर लिया जा रहा है। संचालक अपनी मनमानी पर उतारू है। यदि पार्क में जाने वाले लोग कुछ सामग्री अपने साथ ले जाना चाहते है तो अलग से 400 से 500 रुपये तक की मांग संचालक द्वारा की जाती है।

मौके पर मौजूद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर द्वारा उपायुक्त रामगढ़ एवं अनुमंडल पदाधिकारी सह प्रभारी नगर परिषद रामगढ़ को दूरभाष पर सारी बातों से अवगत कराया कराया। पार्क संचालक के मनमानी रवैया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संचालक पर करवाई की मांग की।

पार्क प्रवेश शुल्क की दरों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किये। मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव, सहजाद खान, बलराम साहू, संजय साव, आसिफ इकबाल, राम उद्दीन अंसारी, नईम अंसारी, तौफीक मुखिया इनाम अंसारी, संजू गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# जातीय जनगणना के मामले में बिहार सरकार ने High Court से जल्द सुनवाई की अपील की



AGENCY PATNA : बिहार में जातीय जनगणना के मामले में हाई कोर्ट से आये आदेश के बाद अब राज्य सरकार ने पटना हाई कोर्ट से आग्रह किया है कि इस पर सुनवाई जल्द की जाए ताकि इस मामले में फैसला जल्द आ सके। पटना हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने राज्य में जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर तीन जुलाई के पूर्व ही कोर्ट की ओर से सुनवाई करने के लिए याचिका दायर की है। राज्य सरकार ने याचिका में कहा है कि इन जनहित याचिकाओं में उठाए गए मुद्दों पर कोर्ट ने अपना निर्णय अंतिम रूप से दे दिया है। इस कारण इन याचिकाओं की सुनवाई तीन जुलाई के पूर्व ही करके इनका निष्पादन कर दिया जाए ताकि इस मामले में फैसला जल्द आ आये। उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए जातीय जनगणना पर रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश केवी चन्द्रन की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि राज्य सरकार इस दौरान एकत्रित आंकड़ों को शेयर तथा उपयोग फिलहाल नहीं करेगी। कोर्ट ने जातीय गणना के आंकड़े संरक्षित रखने का भी आदेश सरकार को दिया है।

# जातीय गणना पर रोक भाजपा की कुटिल चाल : LALU

AGENCY PATNA : बिहार में जाति आधारित गणना पर पटना हाई कोर्ट की अंतरिम रोक के बाद सत्ता पक्ष में खलबली मच गयी है। इसे लेकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर कुटिल चाल चलने का आरोप लगाया है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया है कि आखिर बहुसंख्यक पिछड़ों की गणना से भाजपा क्यों डरती क्यों है? साथ ही नाराजगी जाहिर की।

राजद सुप्रीमो लालू यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर लिखा है कि जातिगत जनगणना बहुसंख्यक जनता की मांग है और यह हो कर रहेगा। भाजपा बहुसंख्यक पिछड़ों की गणना से डरती क्यों है? जो जातीय गणना का विरोधी है वह समता, मानवता, समानता का विरोधी एवं ऊंच-नीच, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन, सामाजिक व आर्थिक भेदभाव का समर्थक है। देश की जनता जातिगत जनगणना पर भाजपा की कुटिल चाल और चालाकी को समझ चुकी है।

उल्लेखनीय है कि जातीय गणना कराने की मांग लालू यादव

## BRIEF NEWS

### पेड़ काटने के विवाद में दो पक्ष में मारपीट ,एक की मौत,नौ जख्मी

AGENCY EAST CHAMPARAN : जिले संग्रामपुर थाना क्षेत्र के मठिया गांव में पेड़ काटने के विवाद में दो पक्षो में जम कर हुए मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई।जबकि दोनों पक्ष से नौ लोग जख्मी हुए है। संग्रामपुर सीएसची प्रभारी डॉ.शंकर सुमन सक्सेना ने बताया कि कुछ लोगो की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए मोतिहारी रेफर किया गया।जिसमे एक जख्मी भिखारी राम की मौत हो गई।वही इस मामले में मृतक भिखारी के पुत्र कन्हैया राम ने थाना में आवेदन देकर सत्रह लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।आवेदन में कहा है की कुछ लोग पेड़ काट रहे थे जब रोकने गये तो एक साजिश के तहत टुनटुन महतो, जीतेंद्र राम , बच्चू राम,जोखन राम, नागेंद्र राम सहित 17 लोग मारपीट करने लगे।जिसकी जानकारी मिलने के बाद भिखारी राम व धर्मा राम बीच बचाव करने पहुंचे तभी लोहे के रड व फरसा से मार कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया की शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया । प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### 112 किलो गांजा व प्रतिबंधित कफ सीरप के साथ दो नेपाली तस्कर को किया गिरफ्तार

AGENCY EAST CHAMPARAN : जिला पुलिस की टीम ने नेपाल से टैंकर में छुपाकर लायी जा रही गांजा व प्रतिबंधित नशीली दवा की बड़ी खेप के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते शुक्रवार एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि मोतिहारी के तरफ से एक नेपाली नम्बर के टैंकलोरी में प्रतिबंधित श्रेणी के गांजा की बड़ी खेप मुजफ्फरपुर की तरफ जा रही है। सूचना मिलने के बाद चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सुनिल कुमार, थानाध्यक्ष, पिपरा थाना,पूजा राज, प्रभारी थानाध्यक्ष, मेहसी थाना,गौरव कुमार, कअनि, पिपरा थाना,मनीष कुमार, तकनीकी शाखा, पुलिस कार्यालय, मोतिहारी, सअनि रागीब हसन, मेहसी थाना व जिला आसूचना इकाई की टीम एवं मेहसी एवं पिपरा थाना रिजर्व गार्ड की एक विशेष टीम का गठन करते हुए सघन जांच का निर्देश दिया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया।इसी दौरान एनएच-28 पर छपरा गोविन्द के समीप एक नेपाली नम्बर की टैंकरलॉरी आती हुई दिखी।जिसे टीम में शामिल पदाधिकारियों एवं बलों ने घेराबन्दी कर पकड़ा।साथ ही उक्त टैंकलॉरी की विधिवत तलाशी लिया गया,तो उसमे रखे 112 किग्रा. गांजा एवं 87 पीस 100 एमएल की शक्ल में डठएफ्र उडवऋ्रल र फ्व्रढ बरामद किया गया।

### बुद्ध पूर्णिमा को लेकर गंगा स्नान करने वाले शिव भक्तों का उमड़ी भीड़



AGENCY BHAGALPUR : जिले के विभिन्न गंगा घाटों सहित सुलतानगंज के अजगैबीनाथ गंगा घाट एवं नमामि गंगा घाट पर बुद्ध पुर्णिमा को लेकर शुक्रवार को स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा घाट पर बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों के शिव भक्त काफी संख्या में गंगा स्नान करने पहुंचे। पंडित अशोक झा ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि बैसाख पूर्णिमां में गंगा स्नान कर बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही बुद्ध पूर्णिमा का महत्व है की आज के ही दिन गौतम बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। शिव भक्तों ने बताया कि दस वर्षो से बैसाख पूर्णिमां में यहां स्नान करने आता हूं। उन्होंने कहा कि बैसाख पूर्णिमा एवं बुद्ध पूर्णिमा में बाबा भोलेनाथ को जल चढाने एवं गौतम बुद्ध की पूजा अर्चना करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होते हैं। इसलिए हर वर्ष बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने एवं गौतम बुद्ध की पूजा अर्चना करने हमलोग यहां पहुंचते हैं। उधर नगर परिषद के द्वारा पूरे क्षेत्र में साफ सफाई की गई थी। साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### मोतिहारी जहरीली शराब कांड का मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

AGENCY EAST CHAMPARAN : जिला पुलिस व मद्यनिषेध इकाई पटना की टीम ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर जहरीली शराबकांड के मुख्य सरगना राजेश सहनी को दिल्ली के अलीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। जिले के तुरकौलिया निवासी राजेश जो अभी नार्थ दिल्ली के बुराड़ी इलाके के नत्थूपुरा क्षेत्र में छिपा हुआ था। गुरुवार देर रात इसकी जानकारी देते एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि जिले में हुई मौतों के बाद वह फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस घटना में शामिल शराब तस्कर कृष्णा कुमार, ललन यादव, अजय यादव को गिरफ्तार किया गया है।जिनकी निशानदेही पर नगर थाना क्षेत्र के हिन्दी बाजार स्थित एक ट्रांसपोर्टर को भी हिरासत में लिया गया।तस्करो ने उक्त ट्रांसपोर्ट के माध्यम से ही जहरीली शराब की अन्य राज्यो खेप मंगायी थी।उल्लेखनीय है,कि विगत 14 से 18 अप्रैल के बीच जिले के तुरकौलिया,हरसिद्धि,सुगौली समेत पांच थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब के सेवन से 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी।वही करीब दस से ज्यादा लोगो ने अपने आंख गंवा दी है।वही इस मामले में विभिन्न थाना क्षेत्र में कुल पांच कांड दर्ज किये गये। जिसके अनुसंधान में स्थानीय पुलिस के साथ मद्यनिषेध इकाई, पटना की टीम जुटी है। एसपी ने बताया कि इस कांड में संलिप्त सभी अभियुक्तों की पहचान हो चुकी है,और इनकी गिरफ्तारी के लिए टीम छापेमारी कर रही है।

### संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए तटबंधों का निरीक्षण जारी

AGENCY MADHUBANE :जिला में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए बांध का निरीक्षण किया गया। बांध का निरीक्षण जिला प्रशासन ने शुक्रवार को सलोगन जारी कर किया। "आपदा नही होगी भारी,यदि पूरी है तैयारी"। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा के निर्देश पर कमला बलान पश्चिमी तटबंध का मुआयना किया गया। एसडीओ झंझारपुर ने इस वर्ष संभावित बाढ़ को रोकने को अनुमंडल अंतर्गत कमला-बलान के पश्चिमी तटबंध का निरीक्षण किया । जिला प्रशासन द्वारा पिछले माह से ही बाढ़ पूर्व तैयारियां शुरू करने की सूचना सार्वजनिक की गई है।बताया कि जिलाधिकारी स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। बताया गया कि जिला में बाढ़ आश्रय स्थल का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।क्षतिग्रस्त नावों की मरम्मती की जा रही है। निजी नाव मालिको के साथ एकरारनामा किया जा रहा है। पुल-पुलियो की भेंट की सफाई की जा रही है। बाढ़ के समय उपयोग की जाने वाली सभी प्रकार की सामग्रियों के लिए दर निर्धारित कर ली गई है।

### बिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो गया : विजय सिन्हा

AGENCY PATNA : बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने शुक्रवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकार में अराजकता का माहौल है। नीतीश के नियत में खोट है। नालंदा में हिंसा के दिन रथ को रोका गया, जिसको आज सुबह ही चोरी छिपे मठ तक पहुंचाया गया। वहीं अब पूजा पाठ भी शुरू हो गया है। बिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। सरकार ने जानबूझकर कुछ लोगो को फंसाया है। सभी पीड़ित से जाकर मुलाकात करेंगे।

# बांग्लादेश से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

AGENCY PATNA : बांग्लादेश से नेपाल के काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग पटना एयरपोर्ट पर कराई गई। विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पटना एयरपोर्ट पर उसे सुरक्षित लैंड कराया गया। विमान में पायलट और क्रूमेंबर सहित 77 यात्री सवार थे।

दरअसल, बांग्लादेश एयरलाइंस के विमान ने नेपाल के काठमांडू के लिए उड़ान भरी थी लेकिन बीच में ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई। एटीसी से अनुमति मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर बांग्लादेशी विमान की पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड और एयरपोर्ट के अधिकारी पहुंच गए। इंजीनियर को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया। पटना एयरपोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक विदेशी विमान के पटना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग को लेकर एहतियात के तौर पर सीआईएसएफ के जवानों ने सुरक्षा कड़ी कर दी। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में क्या खराबी आई है, फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

# औरंगाबाद के भाजपा सांसद सुशील सिंह पर बदमाशों ने तानी पिस्टल, सुरक्षाकर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ा



AGENCY PATNA : बिहार में सुशासन के राज में अब सांसद भी सुरक्षित नहीं है। ताजा मामला औरंगाबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुशील सिंह से जुड़ा है, जिनके ऊपर शुक्रवार को तीन बदमाशों ने पिस्टल तान दी। जिले के बारुण थाना क्षेत्र में यह वारदात हुई। सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने खदेड़ कर तीनों बदमाशों को पकड़ लिया और स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया।

भाजपा सांसद काफिले के साथ कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बदमाश महिला का चेन छीन कर भाग रहा था। बदमाशों को लगा की भाजपा सांसद पीछा करने लगे हैं। इसके बाद बदमाशों ने रुक कर उनपर पिस्टल तान दी। साथ ही कहा कि अगर पीछा करोगे तो गोली मार देंगे। तभी सांसद का सुरक्षा गार्ड गाड़ी खोलकर उतरने लगा। इसे देख बदमाश भागने लगे लेकिन सुरक्षा गार्डों ने एनएच-19 पर खदेड़ कर उन्हों धर दबोचा।

पकड़े गए आरोपितों के पास से एक पिस्टल, एक देसी कट्टा और 7 कारतूस बरामद हुआ है। सभी को सांसद के सुरक्षा गार्डों ने स्थानीय थाना को सौंप दिया।

स्थानीय सांसद सुशील सिंह ने बातचीत में कहा कि जिसकी उम्मीद नहीं थी आज वैसा बिहार हमें दिख रहा है। कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, जिस तरह से अपराधियों ने हिम्मत की है। इसे जंगलराज नहीं तो और क्या कहेंगे। अपराधी जब चाहे जहां चाहे किसी को भी टारगेट कर ले लेकिन गूंगी बहरी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रह जाएगी। दावा बहुत बड़ी कर देती है लेकिन काम कितना होता है इसका तो भगवान ही मालिक है।

# बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, हंगामा



जाम करते स्थानीय निवासी और समझाते प्रशासनिक अधिकारी।

AGENCY NAWADA : नवादा जिले के सिरदला के बीपीएम स्कूल के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क पर जा रहे युवक को कुचल दिया। जिससे वह घायल हो गया । घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिये सिरदला पीएचसी लाया ।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई । मृतक थाना क्षेत्र के इस्माईलपूर गाँव के राजकुमार चौधरी के 17 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार है। जानकारी के अनुसार मृतक अपने नानी के घर शाहपुर में रह कर बीपीएम स्कूल शाहपुर में पढ़ाई कर रहा था ।
पुलिस द्वारा किसी भी तरह की करवाई नही करने से मृतक के परिजन ने सिरदला बाजार फूल बागान चौक को घंटो जाम रखा। जाम की सूचना पर सिरदला पुलिस ने जाम कर रहे लोगों को समझा बुझा कर जाम को हटवाया। मृतक के परिजन सिरदला बीडीओ व सीओ को खोज रहे थे लेकिन पता चला कि बीडीओ व सीओ तो गया व रजौली में अपने निजी आवास में रहतें है।
बीडीओ व सीओ के नही पहुचने पर घण्टो से जाम लगा रहा। थाना अध्यक्ष सरोज कुमार ने लोगों को किसी तरह समझा बुझा कर सड़क जाम से मुक्त करवाया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर सीएम नीतीश ने तथागत की पूजा-अर्चना की



AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भगवान बुद्ध की 2,567वीं जयंती पर शुक्रवार को पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क में भगवान बुद्ध, बोधि वृक्ष एवं आनंद बोधि वृक्ष की पूजा-अर्चना की। बौद्ध भंते गौतम एवं रेवता भंते ने मुख्यमंत्री को पूजा-अर्चना कराई। मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थि के सामने भगवान बुद्ध की परिक्रमा की और ध्यान किया। उन्होंने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर विश्व शांति और राज्य एवं देश की सुख, समृद्धि एवं अमन चैन की कामना की। मुख्यमंत्री को बौद्ध भंते द्वारा बुद्ध स्मृति पार्क में प्रतिस्थापित बुद्ध की प्रतिमा तथा बोधगया का बोधिवृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापूरम से लाये गए वृक्ष की पूजा अर्चना करायी गई। मुख्यमंत्री ने विपश्यना केंद्र जाकर वहां की सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वहां ध्यान भी किया। विपश्यना केंद्र के संचालकों ने विपश्यना केंद्र के निर्माण एवं वहां उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# छात्र लोजपा ने गौतम बुद्ध की 1460 वीं जयंती मनाई

AGENCY SAHARSA : छात्र लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के तत्वाधान में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष महेंद्र शर्मा के आवास पर गौतम बुद्ध की 1460 वीं जयंती आयोजित की गई। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर जिला अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा गौतम बुद्ध ने पूरी दुनिया को ज्ञान, शील, करुणा का संदेश देकर शांति का पाठ पढ़ाया। आज उनके जन्म जयंती के अवसर पर पूरी दुनिया में बुद्ध पुर्णिमा के तहत जयंती आयोजित की जा रही है। जयंती समारोह में छात्र लोजपा के जिला उपाध्यक्ष पपलेश कुमार, नीतीश कुमार, नीरज यादव,रोशन हजारी,राम नंदन पासवान, आशीष सिंह राजपूत, प्रधान महासचिव हिमांशु झा, महासचिव मोहम्मद शादाब खान आदि उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग अभियान में तीन लाख रुपये का कटा चालान

AGENCY GOPALGANJ : डीएम डॉ नवलकिशोर चौधरी के आदेश पर परिवहन विभाग ने एस ड्राइव अभियान के तहत शुक्रवार को वाहनों की जांच की गयी। वाहन जांच अभियान के दौरान करीब दो दर्जन से अधिक कार व बाइकों को रोककर उनसे जुमार्ना वसूला गया । यह करवाई परिवहन विभाग के टीम ने गोपालपुर थाना क्षेत्र में किया है।
परिवहन विभाग के एमबीआई सुनील कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर सुरक्षा के दृष्टि से परिवहन विभाग के द्वारा एस ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है।इस दौरान कार व बाइक के कागजात ,चालक का ड्राइविंग लाइसेंस ,हेमलेट और सीटबेल्ट की जांच किया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान करीब दो दर्जन बाइक चालकों से 3 लाख रुपए जुमार्ना राशि वसूल गया है।

एमबीआई ने बताया कि सबसे ज्यादा मौत लोगों का सड़क हादसे में होती है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ी चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट जरूर लगाएं । ताकि सड़क दुर्घटना जान बच सके।

# स्नान करने के दौरान बेगूसराय के बूढ़ी गंडक नदी में डूबे पांच युवक, दो घंटे के बाद एक का शव बरामद

AGENCY PATNA : बिहार के बेगूसराय में शुक्रवार को बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने के दौरान पांच युवक डूब गए। घटना के करीब दो घंटे बाद एक युवक कमलेश सिंह के पुत्र कुलदीप कुमार का शव बरामद किया जा सका है। शेष डूबे हुए युवकों की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के विष्णुपुर आहोक गांव निवासी सुबोध सिंह के 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार, मधेपुरा निवासी अशोक कुमार के 19 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार उर्फ ऋषभ कुमार, शास्त्री नगर मुंगेर निवासी संजीव राय के 17 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार एवं अजीत कुमार के 17 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि विष्णुपुर आहोक निवासी दिनेश सिंह चंद्रवंशी के पुत्री की शादी शुक्रवार की रात को होनी थी। इस शादी समारोह में शामिल होने के लिए विभिन्न जगहों से रिश्तेदार आए हुए थे। शुक्रवार को इन पांचों युवकों ने नदी में स्नान करने का प्लान बनाया। सभी एक साथ गांव के बगल से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने गए।

स्नान करने के दौरान एक युवक का पैर फिसला, जिसे बचाने के चक्कर में एक-एक कर पांचों युवक गहरे पानी में समा गए। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने पांचों युवक को डूबता देख कर हल्ला मचाया। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्था पर जुटे तथा स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से खोजबीन शुरू की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

घटना की सूचना मिलते ही बलिया अनुमंडल प्रशासन, साहेबपुर कमाल प्रखंड एवं स्थानीय थाना की टीम मौके पर कैंप कर रही है। एसडीआरएफ की टीम नदी में युवकों की तलाश कर रही है। एक युवक कुलदीप कुमार का शव बरामद किया जा सका है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। शादी की खुशी मातम में बदल गई है।

## बिहार के कामगारों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, जेल में बंद कैदियों को भी मिलेगी सुविधा

# सीएम नीतीश ने 23 एंबुलेंसों को दिखायी हरी झंडी




एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम नीतीश कुमार व अन्य।

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्य के कारागारों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 23 एंबुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्य की कुल 59 जेलों में से 36 में ये सुविधा पहले से उपलब्ध है। शेष 23 काराओं यथा मंडल कारा छपरा, मंडल कारा मधेपुरा, मंडल कारा बांका, महिला मंडल कारा बक्सर, महिला मंडल कारा भागलपुर, उपकारा बाढ़ (पटना), उपकारा पटना सिटी (पटना), उपकारा दानापुर (पटना), उपकारा मसौढ़ी (पटना), उपकारा हिलसा (नालंदा), उपकारा विक्रमगंज (रोहतास), उपकारा बगहा (प.चंपारण), उपकारा दलसिंहसराय (समस्तीपुर), उपकारा रोसड़ा (समस्तीपुर), उपकारा बेनीपुर (दरभंगा), उपकारा झंझारपुर (मधुबनी), उपकारा बेनीपट्टी (मधुबनी), उपकारा वीरपुर (सुपौल), उपकारा उदाकिशुनगंज (मधेपुरा), उपकारा नवगछिया (भागलपुर), उपकारा दाऊदनगर (औरंगाबाद), उपकारा शेरघाटी (गया) एवं मुक्त कारागार बक्सर के लिए आज एंबुलेंस की रवानगी हरी झंडी दिखाकर की गई।

बंदियों को बेहतर इलाज एवं आपातकालीन स्थिति में अस्पतालों में ले जाने के लिए यह एंबुलेंस काफी उपयोगी होगा। इन एंबुलेंसों में ऑक्सीजन सिलेंडर, ब्लड प्रेशर मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, स्ट्रैचर, इमरजेंसी मेडिसिन जैसे विभिन्न जीवन रक्षक चिकित्सीय उपकरणों की सुविधा होगी। साथ ही इसमें पारा मेडिकल स्टाफ भी उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे

# छात्रों को हैंडवाश के लिए किया गया जागरूक

AGENCY BHAGALPUR : वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे के अवसर पर शुक्रवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत छात्रों को जागरूक किया गया। जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वर्ल्ड हैंड हाइजीन डे मनाया गया। इस अवसर पर डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने इसके महत्व के बारे में विद्यालय के छात्रों को जागरूक किया, ताकि छात्र इसके महत्व के बारे में जागरूक हो सकें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और स्वस्थ रहने के लिए हमारा हाथों को दिन में कई बार धोना बेहद जरूरी होता है। कोविड 19 के प्रकोप के बाद से हाथ धोने का महत्व भी 10 गुना बढ़ गया है। व्यक्तिगत स्वच्छता आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

# भक्त की पुकार

ब्रह्माण्ड के प्रथम दिव्य पत्रकार नारद मुनि की जयंती इस साल छह मई को है। वो लोकमंगल के पहले संवाददाता है। इसलिए वो देवर्षि हैं। यह कितना कष्टदायी है कि तात्कालीन हास्य के अग्रदूतों ने उनको चुगलबाज और आपस में भिड़ाकर क्लेश कराने वाले पौराणिक चरित्र के रूप में गढ़ दिया। इस पर विचार करने की जरूरत है। वास्तव में उनका प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक भक्त की पुकार को भगवान तक पहुंचाना ही था। वे एक लोक से दूसरे लोक में भ्रमण करते हुए संवाद-संकलन का कार्य कर एक सक्रिय एवं सार्थक संवाददाता की भूमिका निभाते रहे हैं। संवाद के माध्यम से नारद जी ने तोड़ने का नहीं बल्कि जोड़ने का कार्य किया है। इसलिए वो पत्रकारिता के प्रथम पितृ पुरुष हैं। उन्हें देवताओं का दिव्य दूत और संचार का अग्रणी साधक माना गया है। मान्यता है कि देवर्षि नारद का जन्म ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन हुआ था। इसीलिए प्रतिवर्ष इसी दिन नारद जयंती मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी का पूजन करने के पश्चात देवर्षि नारद की पूजा की जाती है।

अपनी वीणा की मधुर तान से भगवान विष्णु का गुणगान करने और अपने श्रीमुख से सदैव नारायण-नारायण का जप करते हुए विचरण करने वाले नारद को महर्षि व्यास, महर्षि वाल्मीकि तथा महाज्ञानी शुकदेव का गुरु माना जाता है। कुछ शास्त्रों में नारद मुनि को त्रिकालदर्शी और विष्णु का अवतार भी माना गया है। श्रीमद्भागवद्पुराण के अनुसार सृष्टि में भगवान विष्णु ने देवर्षि नारद के रूप में तीसरा अवतार ग्रहण किया है। कुछ स्थानों पर उनका वर्णन बृहस्पति के शिष्य के रूप में भी मिलता है। धार्मिक पुराणों के अनुसार अनेक कलाओं तथा विद्याओं में निपुण देवर्षि नारद को संगीत की शिक्षा ब्रह्माजी ने स्वयं दी थी और भगवान विष्णु ने उन्हें माया के विविध रूप समझाए थे।

मान्यता है कि देवर्षि नारद ने ही भक्त प्रह्लाद, भक्त अम्बरीष, भक्त ध्रुव इत्यादि भगवान विष्णु के कई परम भक्तों को उपदेश देकर उन्हें भक्ति मार्ग में प्रवृत्त किया था। उन्होंने ही भृगु कन्या लक्ष्मी का विवाह भगवान विष्णु के साथ कराया। देवराज इन्द्र को समझा-बुझाकर देव नर्तकी उर्वशी का पुरुरवा के साथ परिणय सूत्र कराया। इसके अलावा वे कई अत्याचारी महाराक्षसों द्वारा जनता के उत्पीड़न का वृत्तांत भगवान तक पहुंचाकर उनके विनाश का माध्यम भी बने। महर्षि वाल्मीकि को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि समस्त युगों, कालों, विधाओं और वर्गों में सम्मान के पात्र रहे नारद जी को सभी लोकों के समाचारों की जानकारी रखने वाले कवि, मेधावी नीतिज्ञ तथा एक प्रभावशाली वक्ता के रूप में स्मरण किया जाता है।

जन-जन के हितकारी देवर्षि नारद किस प्रकार धरती पर विभिन्न प्राणियों को दुखी देखकर स्वयं भी दुखी हो जाया करते थे, इसका उल्लेख भी एक पौराणिक कथा में मिलता है। कथानुसार, एक बार देवर्षि नारद ने बैकुंठधाम जाकर भगवान विष्णु से निवेदन किया कि वे पृथ्वी पर लोगों को दुखी देखकर खुद बहुत दुखी हैं क्योंकि वहां धर्म के रास्ते पर चलने वाले लोगों का नहीं बल्कि गलत कार्य करने वालों का ही भला होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि हे नारद! ऐसा नहीं है और जो कुछ भी हो रहा है, सब नियति के जरिये ही हो रहा है।

उन्होंने पूछा कि आखिर ऐसा आपने क्या देख लिया, जिसके आधार पर आप यह कह रहे हैं? तब देवर्षि ने कहा कि उन्होंने जंगल में दलदली जमीन में फंसी एक गाय देखी। एक चोर वहां आया और गाय को दलदल में फंसी देखकर भी उसकी कोई मदद करने के बजाय वह उसी पर चढ़कर दलदल लांघकर निकल गया, जिसे आगे जाकर सोने की मोहरों से भरी एक थैली मिली। कुछ पलों बाद वहां एक वृद्ध साधु आए, जिन्होंने काफी प्रयासों के बाद गाय को दलदल से बाहर निकाल दिया लेकिन थोड़ा आगे जाने पर वही साधु एक गहरे गड्ढ़े में गिरकर घायल हो गए। आखिर यह कौनसा न्याय है?

देवर्षि की बातें सुनने के पश्चात भगवान विष्णु ने कहा कि जो चोर गाय पर चढ़कर भाग गया था, उसकी किस्मत में तो एक बड़ा खजाना था लेकिन उसके इस पाप के कारण उसे केवल कुछ ही मोहरें मिली जबकि साधु को गड्ढ़े में इसलिए गिरना पड़ा क्योंकि उनके भाग्य में मृत्यु लिखी थी लेकिन गाय को बचाने के कारण उनके पुण्य बढ़ गए और उनकी मृत्यु एक छोटी सी चोट में बदल गई। भगवान विष्णु ने उन्हें समझाते हुए कहा कि किसी भी इंसान के कर्म से ही उसका भाग्य तय होता है। सद्गुणों के अथाह भंडार और समस्त शास्त्रों में प्रवीण देवर्षि नारद को शास्त्रों में मन का ऐसा भगवान कहा गया है, जो किसी भी होनी-अनहोनी को समय रहते पहचान लेते हैं।

उन्हें वेदों और उपनिषदों का मर्मज्ञ, न्याय तथा धर्म का तत्वज्ञ, शास्त्रों का प्रकांड विद्वान, इतिहास व पुराण विशेषज्ञ, औषधि ज्ञाता, योगनिष्ठ, ज्योतिष एवं संगीत विशारद, भक्ति रस का प्रमुख तथा अतीत की बातों को जानने वाला माना गया है। वे एक ऐसे पौराणिक चरित्र हैं, जो तत्वज्ञान में परिपूर्ण हैं। पच्चीस हजार श्लोकों वाला प्रसिद्ध नारद पुराण देवर्षि द्वारा ही रचा गया है, जिसमें उन्होंने भगवान विष्णु की भक्ति महिमा के साथ-साथ मोक्ष, धर्म, संगीत, ब्रह्मज्ञान, प्रायश्चित इत्यादि कई विषयों की मीमांसा प्रस्तुत की है। इसके अलावा संगीत का एक उत्कृष्ट ग्रंथ ह्यनारद संहिता भी है।

# शिव राज में राम काज, श्रीराम पथ गमन- सब कर रहे नमन

MY STORY

✍ डॉ. मयंक चतुर्वेदी

"राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं। वनवास के समय प्रभु श्री राम जिन मार्गों से होकर गुजरे, वहां हम राम वन गमन पथ बना रहे हैं। आज कैबिनेट ने 'श्री रामचंद्र पथ-गमन न्यास' के गठन का निर्णय लिया है, जो वहां होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख करेगा। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।" आज देखा जाए तो कुछ लोग इस निर्णय को कांग्रेस की प्रतिक्रिया के रूप में भी देख रहे हैं। दरअसल, कुछ लोगों को ऐसा इसलिए लग सकता है क्योंकि जिस मुद्दे को लेकर कमलनाथ और कांग्रेस के ट्वीटर हैंडल से रामवन गमन पथ नहीं बनाए जाने को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरे जाने का प्रयास जिस दिन किया गया उसी दिन शिवराज मंत्रिमण्डल ने श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास के गठन की स्वीकृति दे दी। लेकिन तथ्यों को देखें तो यह कोई कांग्रेस की प्रतिक्रिया नहीं है, जिसमें कांग्रेस की ओर से 04 मई 2023 को लिखा गया था। कमलनाथ सरकार- राम वन गमन पथ को मंजूरी, 22 करोड़ का बजट आवंटित, परियोजना पर कार्य प्रारंभ, राम भक्तों का सम्मान। दूसरी ओर शिवराज सरकार- राम वन गमन पथ पर रोक, बजट का अता पता नहीं, परियोजना पर बीजेपी भारी, प्रभु राम का अपमान। यदि श्रीराम पथ गमन के इतिहास में जाएं तो प्रदेश में वर्ष 2003 में भाजपा की उमा सरकार आते ही इस पर काम शुरू हो गया था।

इसे राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रबल प्रवाह की कहा जाएगा कि पहले मध्य प्रदेश में रामपथ गमन के लिए सत्ता में आते ही प्रभावी कार्य योजना पर कार्य आरंभ किया गया, फिर स्थानों का चयन कर उनके विकास की चरणबद्ध अनेक योजनाएं संचालित होना शुरू हुईं और अब पूर्ण सफलता के लिए अंतिम कार्य श्री रामचन्द्र पथ-गमन वाले अंचलों के विकास के लिये श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास के गठन की स्वीकृति देकर मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने इसे पूर्णता प्रदान कर देने का कार्य कर दिया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल में इस कार्य को स्वीकृति देने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज का ट्वीट भी आया। "राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं। वनवास के समय प्रभु श्री राम जिन मार्गों से होकर गुजरे, वहां हम राम वन गमन पथ बना रहे हैं। आज कैबिनेट ने 'श्री रामचंद्र पथ-गमन न्यास' के गठन का निर्णय लिया है, जो वहां होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की देखरेख करेगा। देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।" आज देखा जाए तो कुछ लोग इस निर्णय को कांग्रेस की प्रतिक्रिया के रूप में भी देख रहे हैं। दरअसल, कुछ लोगों को ऐसा इसलिए लग सकता है क्योंकि जिस मुद्दे को लेकर कमलनाथ और कांग्रेस के ट्वीटर हैंडल से रामवन गमन पथ नहीं बनाए जाने को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरे जाने का प्रयास जिस दिन किया गया उसी दिन शिवराज मंत्रिमण्डल ने श्री रामचन्द्र पथगमन न्यास के गठन की स्वीकृति दे दी। लेकिन तथ्यों को देखें तो यह कोई कांग्रेस की प्रतिक्रिया नहीं है, जिसमें कांग्रेस की ओर से 04 मई 2023 को लिखा गया था - कमलनाथ सरकार- राम वन गमन पथ को मंजूरी, 22 करोड़ का बजट आवंटित, परियोजना पर कार्य प्रारंभ, राम भक्तों का सम्मान। दूसरी ओर शिवराज सरकार- राम वन गमन पथ पर रोक, बजट का अता पता नहीं, परियोजना पर बीजेपी भारी, प्रभु राम का अपमान। यदि श्रीराम पथ गमन के इतिहास में जाएं तो प्रदेश में वर्ष 2003 में भाजपा की उमा सरकार आते ही इस पर काम शुरू हो गया था। उसके बाद बाबूलाल गौर फिर शिवराज ने इस पर गहन काम किया। मध्य प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर ने 28 फरवरी 2022 को ही मीडिया बुलाकर इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि श्री रामचन्द्र गमन पथ" को लेकर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किस तरह से काम कर रही है, उन्होंने तभी कह दिया था कि यह जल्द बनकर तैयार होगा। तत्कालीन समय में एक वर्ष पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने पत्रकारों के बीच यह दावा भी किया था कि जल्द ही राम वन गमन पथ न्यास बनाकर, राम वन गमन पथ योजना को पूरा किया जाएगा। उषा ठाकुर ने इसके साथ ही यह भी बता दिया था कि सरकार क्या चाहती है और क्या करने जा रही है । उन्होंन साफ कर दिया था कि 'राम वन गमन पथ हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट है। आचार्य शंकर न्यास जो हमने ओंकारेश्वर में बनाया है, उसकी तर्ज पर ही राम वन पथ गमन न्यास बनाया जाएगा। इस योजना पर तेजी से काम शुरू हो सके, इसके लिए हमने इसे धर्मस्व विभाग से निकालकर, संस्कृति विभाग में शामिल किया है'। अब मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल जाने के बाद जो एक वर्ष पहले संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर की तरफ से कहा गया था, उस पर पूरी तरह से मुहर लग गई है। शिवराज सरकार की मंशा इसे लेकर कितनी गंभीर थी, यदि इसकी ओर पड़ताल करें तो फिर हमें बहुत पीछे जाना होगा, लेकिन जब 2021 को देखते हैं तो जुलाई माह में सीएम शिवराज का वह निर्णय सामने आ जाता है जिसमें मध्य प्रदेश में रामपथ वन गमन के विकास को लेकर राज्य सरकार तेजी से कार्य करती दिखती है। योजना के पहले चरण में चित्रकूट से शुरू हो रहे रामपथ वन गमन मार्ग के निर्माण की फिजीबिलिटी रिपोर्ट और डीपीआर बनाने के लिए आध्यात्म विभाग एक करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति देता है। कलेक्टर को कहा जाता है कि वे स्वयं से हर 15 दिन मे संबंधित विभागों की बैठक लेकर प्रगति की समीक्षा करेंगे और सीधे सीएम सचिवालय को अपडेट करेंगे। मध्य प्रदेश की पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री ऊषा ठाकुर इस कार्य के लिए बार-बार चित्रकूट के दौरे पर पहुंचती हैं, उनका पूरा का पूरा फोकस सिर्फ रामपथ वन गमन पर दिखाई देता है। वे इस पथ के निर्माण की पूरी रूपरेखा तैयार कर वाती हैं। रामपथ वन गमन मार्ग को तीन चरणों मे पूरा किया करने का जब खाका बनता है, तो उसमें तय किया जाता है कि पहले चरण में कामदगिरि परिक्रमा, दूसरे चरण में चित्रकूट की 84 कोशी परिक्रमा स्थल और तीसरे चरण में रामपथ वन गमन के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को सरकार द्वारा विकसित किया जाएगा। फिर सरकार की ओर से निर्देश जारी कर दिए जाते हैं कि रामपथ वन गमन मार्ग प्रोजेक्ट का डीपीआर तैयार करते समय स्थानीय लोगों, साधु-संतों, जन-प्रतिनिधियों से राय लेकर आगे जमीनी योजना तैयार हो। इतना ही नहीं तो मंत्री ऊषा ठाकुर उत्तर प्रदेश की काशी एवं अन्य घाटों में होने वाली गंगा शयन आरती की तर्ज पर मंदाकिनी घाट पर भी शयन आरती की व्यवस्था करने के निर्देश देती हैं।

तथ्यों पर गौर करें तो 2022 में मध्य प्रदेश में राम वन गमन पथ (कॉरिडोर) का काम शुरू करने के लिए पहले चरण में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर जोर देते हुए शिवराज सरकार 300 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को अनुमति देती है, जिसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार अपने लिए देना तय करती हैं । काम की समय सीमा तय होती है।

इससे पहले कमलनाथ सरकार ने वर्ष 2019 में कार्ययोजना तैयार करते हुए जरूर 22 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे, लेकिन पथ के निर्माण को लेकर अध्यात्म विभाग के अधिकारियों की अरुचि के चलते यह काम कभी जमीन पर नहीं उतर सका। लेकिन अब जो होने जा रहा है, उससे लगता है कि श्री रामचन्द्र पथ गमन एक राम भक्त के लिए दूर की कौड़ी नहीं रह गया है, यह सपना अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की तरह ही जमीन पर हकीकत में पूरा होने जा रहा है, बात सिर्फ कुछ दिनों की ही शेष बची है। अब प्रदेश में श्री राम वनवास के समय जिन रास्तों से निकले उसके विकास में तेजी आएगी। रामपथ गमन में चित्रकूट, पन्ना, बधवारा (कटनी), रामघाट (जबलपुर), राम मंदिर तालाब, रामनगर मंडला, शहडोल, डिंडौरी और अमरकंटक शामिल हैं। विस्तार से स्थलों को देखें तो इसमें स्फटिक शिला, गुप्त गोदावरी, अत्रि आश्रम, शरभंग आश्रम, अश्वमुनि आश्रम, सुतीक्ष्ण आश्रम, सिद्धा पहाड़, सीता रसोई, रामसेल, राम जानकी मंदिर, बृहस्पति कुंड, अग्निजिह्वा आश्रम, अगस्त्य आश्रम, शिव मंदिर, रामघाट, श्रीराम मंदिर, मार्कंडेय आश्रम, दशरथ घाट, सीता मढ़ी शामिल हैं।

इस पथ में पन्ना के प्राणनाथ मंदिर, राम जानकी मंदिर, जुगल किशोर मंदिर, बल्देव जी मंदिर, गोविंद जी मंदिर के दर्शन होंगे। अमरकंटक में नर्मदा उद्गम, श्रीयंत्र मंदिर, पटलेश्वर महादेव, कपिलधारा, बधवारा में बांधवगढ़ नेशनल पार्क, शेष शैया, बांधवगढ़ फोर्ट, बानसागर झील, रामघाट जबलपुर में चौसठ योगिनी मंदिर, भेड़ाघाट, योगिनी मंदिर, डिंडौरी में चाड़ा, मेटल क्राफ्ट, बैंबू आर्ट, डगोना वाटर फाल भी देखने मिलेंगे। नए गठित न्यास श्री रामचन्द्र पथ गमन" के अध्यक्ष मुख्यमंत्री स्वयं होंगे। न्यास का काम वनवास के समय श्री राम के प्रदेश से गुजरी जगहों का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विकास करना है। केंद्र सरकार ने प्रदेश में जिन 23 स्थलों को चिह्नित किया है, उन में कार्य किए जाने पर विशेष जोर रहेगा। न्यास के संचालन के लिए समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन करने के साथ ही परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी। इकाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सात पद रखे गए हैं । इसके साथ ही न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी समेत 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। जिस पर एक करोड़ 57 लाख रुपये से अधिक वार्षिक रूप से खर्च किए जाएंगे। वहीं, इस दौरान राम वन गमन पथ में पुरानी शहरी व्यवस्था का नमूना देखने को मिलेगा। आपको रास्ते में बड़े भवनों का आर्किटेक्चर भी दिखाई देगा जो प्राचीन समय की याद दिलाएगा तो वहीं यात्री निवास, बांस की झोपड़ियां, लाइट ऐंड साउंड-शो का भी प्रबंध किया जा रहा है।

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज की रफ्तार, चुनौती अपार

यू जितनी रफ्तार से हम विज्ञान के साथ रचते-बसते और जीने की नई-नई तरकीबें सीखते जा रहे हैं, ठीक वैसे ही तमाम चुनौतियां मुंह बाएं आ खड़ी हैं। वास्तव में यह दौर इंटरनेट मीडिया का है जिससे हर हाथ को दुनिया तक अपने संदेशों को पहुंचाने की बहुत बड़ी ताकत मिली। अक्सर यही स्वतंत्रता के उपयोग और दुरुपयोग से झूठे संदेश या फेक न्यूज समाज, देश और दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन जाते हैं। इस पर लगाम या कहें झूठे प्रसार को लेकर भारत सहित दुनिया भर में तमाम जतन किए जा रहे हैं, लेकिन सच यही है कि यह बड़ी चुनौती है। तमाम तरह के कानूनों के बावजूद अक्सर लोग उनके मोबाइल में आए या बनाए मैसेज को बिना सोचे, समझे और बुद्धि, विवेक से काम लिए सीधे आगे बढ़ा देते हैं या फॉरवर्ड कर देते हैं। बस इसी खेल के चलते बेहद कामयाब इंटरनेट तकनीक बड़ी चुनौती बन गई है।

जब इंटरनेट नहीं था तब लोग अखबारों पर ही खबरों के लिए निर्भर थे और विश्वनीयता इतनी कि कभी भी इतने और अब जैसे रोजाना सवालिया निशान नहीं लगे। रियल टाइम खबरों के इस दौर में सच कम, झूठ ज्यादा है। स्थिति कितनी भयावह और अलग है कि लोग पहले अखबारों को खोजकर कतरनों की फोटो कॉपी करा प्रसारित करते थे। आज ठीक उलट है जहां झूठी खबरें पलक झपकते ही लाखों लोगों द्वारा बिना सत्यता जांचे शेयर या ट्वीट-रिट्वीट हो जाती हैं। इसी आड़ में अक्सर लोग अपनी निजी दुश्मनी तक भंजा लेते हैं और दुनिया झूठ के फरेब को काफी देर बाद समझ पाती है। लेकिन तक नफा-नुकसान का बड़ा खेल अपना गुल खिला चुका होता है।

सोशल कहें या इंटरनेट मीडिया जो भी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जरिया मान लेना भी कुतर्क है क्योंकि इसका जितना बड़ा दायरा है उतने ही बंधन। ऐसी स्वतंत्रता व अनाप-शनाप कुछ भी लिख, पढ़ और बोलने की आजादी किसी को नहीं है जो किसी दूसरे के मान-सम्मान या निजता को चोट पहुंचाती हो। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म कर देने के उदाहरण से समझा जा सकता है।

अक्सर गैर भरोसेमंद स्त्रोतों और आधी-अधूरी जानकारियों के चलते ही फेक न्यूज या झूठी खबर इतनी तेजी से फैलती यानी वायरल होती हैं कि अक्सर समझदार लोग भी गच्चा खा जाते हैं। कई मौकों पर देखने में आता है कि ऐसी खबरों से शहर से लेकर गांव और घर-घर लोग बेचैन हो जाते हैं। उत्तेजना फैल जाती है और लोग और समूह बेसिर-पैर की बातों के चलते गुस्से में आकर बड़ी-बड़ी घटनाएं तक कर बैठते हैं। ऐसे तमाम और दर्जनों क्या लाखों उदाहरण मिलेंगे जहां दुनिया भर में के कई प्रान्त और देश तक झूठी खबरों की झुलसन में बदहाल और बेहाल होते देखे गए।

वाकई में सोशल मीडिया एक ऐसा बिना बारूद का बम गोला बन चुका है जिससे शहर के शहर आग के शोलों से जल उठते हैं। सरकारों और जिम्मेदारों के लिए सूचना का यह सोशल तंत्र नॉन सोशल होकर वो रूप दिखाता है कि एक निर्जीव साधन जिन्दा और समझदार लोगों की आपसी टकराहट में आग में घी और पेट्रोल का काम करता है। करीब सवा दो बरस पहले दुनिया ने खास उदाहरण देखा जिसमें दुनिया का दारोगा कहलाने वाले अमेरिकी संसद परिसर में हुई हिंसा के बाद माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पर्सनल अकाउंट को स्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया क्योंकि आशंका थी कि आगे भी उनके हैंडल से हिंसा के और भड़काने की जोखिम का खतरा था। उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट्स को भी अनिश्चितकाल तक के लिए सस्पेंड कर दिया। हालांकि पारदर्शिता की दुहाई देकर लगी रोक के बावजूद दुनिया में कहीं कोई फर्क दिखा नहीं।

अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में कमाई के नाम पर ब्लू टिक बेचकर झूठी शान-ओ-शौकत के दिखावे से आगे कितना कुछ घटेगा इसका अंदाजा मुश्किल है। अक्सर नीले और नारंगी सही लकीर वाले अकाउंट पाने की कशमकश रुपयों की गर्मी से खत्म होती है। अब केंद्र सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम, 2023 जो 2021 के संशोधन नियमों के साथ 6 अप्रैल, 2023 को जारी होते ही लागू हो गया है, इस पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया हैं। जहां कई इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर कुछ कुठाराघात तो कई सोशल मीडिया में फेक न्यूज की पहचान करने के सरकार के अधिकार को सही मानते हैं।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का भी मानना है कि ये प्रेस की आजादी पर हमला है। अब इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक संस्था तय करेगी कौन सी सोशल मीडिया पोस्ट या खबर भ्रामक है। इसके दायरे में गूगल, फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब से लेकर हर तरह की समाचार और गैरसमाचार कंपनियां आएंगी। सच तो ये है कि यह विशेषाधिकार कानून मध्यस्थ को उसके यूजर के किसी भी आपत्तिजनक सामग्री ऑनलाइन पोस्ट करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई होने से बचाता है, लेकिन फर्जी या गलत जानकारी को न हटाने की स्थिति में प्लेटफॉर्म्स भी जद में होंगे तथा कन्टेंट को परोसने वाला यूजर तो दोषी होगा ही।

यकीनन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सेवा देने वाले से ज्यादा सेवा लेने वाले की सोच प्रभावित करती है। सेवा लेना वाला इस दिशा में समाज में सकारात्मक जिम्मेदारियां निभा सकता है। अगर ऐसा न हुआ तो मुकदमों से लदी भारतीय न्याय प्रणाली पर एक बोझ से ज्यादा कुछ नहीं साबित होगा।

## Social Media Corner

सच के हक में...



पंडित रघुनाथ मुर्मु की जयंती पर उनके जन्म स्थल डांडबोस में उनकी समाधि पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने का सुअवसर मिला। मयूरभंज के सपूत, पंडित रघुनाथ मुर्मु ने ओलचिकी लिपि को विकसित करके संथाली भाषा को नई पहचान दी। उनका जीवन और कार्य समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



देखिये मुख्यमंत्री जी, छवि रंजन जैसे अफसर की गिरफ़्तारी से लोगों में क्या प्रतिक्रिया है? समझने कि कोशिश करिये। आँख मूँद कर मत बैठिये। सोचिये इनके जमीन लूट आतंक एवं भयादोहन से आम लोगों पर क्या गुजरी होगी? लोगों में व्याप्त यही असंतोष की आग अगले चुनाव में आपको जमीन धरा देगी और आपकी राजनीति को रसातल में पंहुचा देगी। सजा भुगतियेगा सो अलग। इसलिये हिम्मत करिये।इस बारे में मेरी एक साल से की जा रही फरियाद जो जनता की आवाज है, का संज्ञान लीजिये। जमीन घोटाले के मामलों की बिना विलम्ब सीबीआई जाँच की अनुशंसा करिये।आगे आपकी मजी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# परदा है परदा , परदे के पीछे...!

परदा एक कपड़े का टुकड़ा भर नहीं होता । परदा किसी घर की इज्जत होता है। खिड़की और दरवाजे पर लटकी वह कपड़े की दीवार घर की इज्जत बचाती और बढ़ाती है। उसका काम क्या है आप उस बात पर मत जाइए ,आप तो बस उसका दाम देखिए। किसी एक घर में एक करोड़ रुपये के परदे लग हुए है ,तो हम जलनखोर उस पर हाय हाय कर रहे है । हम लोग ऐसे ही हैं, कोई चीज हमारे जेब की क्षमता से बाहर हुई और हम महंगे होने का टैग चस्पा कर देते हैं। और उसके अपने पास न होने के फायदे बताते हैं। जैसे बाजार में टमाटर महंगे होते ही उसे पथरी का कारण बताने का तर्क देते है। दिल्ली के एक घर में महंगे ₹परदे जी₹ लगाए गए ,भाई साहब, अगर वह कीमती हैं,तो परदे को जी लगाकर इज्जत तो देना ही पड़ेगी। मीडिया में हल्ला है कि बहुत महंगा परदा लगा है, तुम जलनखोर, दिन भर कैमरा कंधे पर धरे ये ही ढूंढते रहो,किसे के घर में क्या लगा है। तो क्या हुआ, लग गए परदे , किसी की जेब से तो नही गए, किसी से चंदा तो नही मांगा । सरकार के पैसे थे, घर भी सरकार का, उसमे रहने वाले खुद सरकार। एक आम आदमी थोड़ी सी लग्जरी चीज का उपयोग करने लगे तो, तुम्हे परेशानी क्यों होने लगती है। वह आम आदमी है, वह खुद सरकार है, जब देश तरक्की के रास्ते पर है तो एक आम आदमी भी इस में पीछे क्यों रहे ? आम आदमी की तरक्की हुई है, वह दो कमरे के फ्लैट में रहने वाला आम आदमी , वैगन आर जैसी छोटी कार में चलने वाला आम आदमी, ये महसूस करने का काम कर रहा है कि अगर इस देश का छोटे रिक्शे वाला आदमी जब किसी समय बड़ा आदमी बन जाएगा तब वह एक करोड़ रुपये खर्च करके अपने घर में परदे लगा सके ,उसका आनंद कैसा होगा? हमारी आदत रोने-धोने की हो गई है। कभी हम कॉमनवेल्थ गेम के समय खरीदे गए कुर्सी को घोटाला बताने लगते है, जबकि वह भी देश का मान सम्मान बढ़ाने का ही काम था। हम छाती पीटने वाले ऐसी हरकतें करते हैं। जब विदेशी मेहमान भारत आ रहे थे, उनके लिए प्लास्टिक की कुर्सी नई चीज थी वह कुर्सी 10 हजार में खरीद कर ये कह सके कि आप बड़ी महंगी कुर्सी पर बैठे हो, आप ये न सोचें कि ये कुर्सी बाजार में 400 रुपये की है। हम आपके लिए इसको जानबूझकर इतना महंगा खरीदा है ताकि आप महंगी कुर्सी पर बैठने का आनंद ले सको। इसी तरह से ये परदे दिल्ली की इज्जत हैं। दिल्ली में ऐसे कई उद्योगपति हैं, जिनके घर में इससे भी महंगे परदे लगे हैं। वह जब दिल्ली के मालिक से मिलने आए और सस्ते परदे देख कर नाक मुंह सिकोड़े, तब दिल्ली वालों की क्या इज्जत रह जायेगी ? आम वोटर क्या सोचेगा ,जिसको हमने वोट दिया है वह एक उद्योगपति से कम कीमत के परदे लगाए हुए है, वोटर की इज्जत गिर कर पाकिस्तानी रुपया रह जायेगी। हमने उस आम रिक्शा वाले, उस ठेले वाले की इज्जत के बारे में सोचा है, उसकी इज्जत बढ़े वह ये सोचे कि मेरी गरीबी रेखा को अमीरी रेखा में बदलने की कोशिश कर रहे उस आदमी के घर में सस्ते परदे लगे हैं। आम आदमी का जीवन ऐसी करोड़ों रुपये से भी बड़ा है,ऐसा विचार आने के लिए उस घर में कम से कम एक करोड़ रुपये के परदे जरूर लगाए जाने चाहिए। हम वही लोग हैं,जो खुद तरक्की करते नहीं हैं,और तरक्की करने वालों से जलने लगते हैं। आम आदमी के उस घर की छत गिर रही थी, गिरती हुई छत को थामने के लिए इससे सस्ता कुछ नहीं हो सकता था। सरकार के पास बड़े इंजीनियर हैं वह भी खुद इंजीनियर रहे हैं, वह जानते हैं कि छत को गिरा कर नई छत बनाने, दीवार पर पलस्तर करके ये काम नही हो सकता, वाकई में सरकार का पैसा बचाना है तो छत को नई बनाने से बेहतर है महंगे परदे लगा दो इससे छत से रिसता हुआ पानी रुक जायेगा।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



पूरी दुनिया में मार्क्स की 205 वीं जयंती पर आयोजनों का सिलसिला चल रहा है। वर्तमान में मार्क्स की प्रासंगिकता पर चर्चा की जा रही है। कहा जा सकता है कि पूंजीवाद के बढ़ते प्रभाव ने मार्क्सवादी विचारधारा को पीछे छोड़ दिया है। यूं कहें कि आज पूंजीवाद इतना हावी हो चुका है कि सर्वहारा की बात करनेवालों की बात दबकर रह जाती है। या व्यवस्थागत कारणों से गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी ओर यह भी सच है कि पूंजीवादी शोषण से मार्क्सवादी विचारधारा ही निजात दिला सकती है। पूरी दुनिया में सामाजिक परिवर्तन के लिए चल रहे संघर्ष को यही विचारधारा प्रेरित करती है। शोषण के खिलाफ मेहनतकशों का संघर्ष हर काल में जारी रहा है। शोषक वर्ग भी मेहनतकशों के बीच फूट डालने के लिए हर तरह के हथकंडे अपना कर संघर्ष को कमजोर करने की साजिश करते रहते हैं। दुनिया में भी आज मुख्य अंतर्विरोध पूंजी और श्रम का है, लेकिन पूंजीवादी ताकतें श्रमिकों के इकट्ठा होने के स्थान कार्यस्थल को ही खत्म करना चाह रही हैं। तकनीक का सहारा लेकर मजदूर वर्ग की विराट और निर्णायक शक्ति को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। पूंजीवाद संकट से घिरा हुआ है और उससे निकलने के लिए वह सारे संकट का बोझ मजदूर वर्ग पर डाल रहा है। आज जरूरत मार्क्सवाद को फिर से पढ़ने की है। मार्क्स को बिना पढ़े पूंजीवादी शोषण को नहीं समझा जा सकता। विचाराधाराओं की लड़ाई कोई नई बात नहीं है। जब एक विचारधारा के नकारात्मक पहलू पराकाष्ठा पर पहुंचजा जाते हैं तो दूसरी विचारधारा को फिर से लोग अंगीकार करने लगते हैं।

**मो फुरकान, केंद्रीय उपाध्यक्ष आमया संगठन**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## बजरंग की लोगों से भावुक अपील , कृपया हमारा साथ दें




**नई दिल्ली ।** पहलवान बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन के लिए उनका समर्थन मांगा है। बजरंग ने एक वीडियो पोस्ट करते हुए ट्विटर पर लिखा, 'हम अपने देश के गौरव के लिए लड़े। आज हम आपके चैंपियंस की सुरक्षा और सम्मान के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में हमारा साथ दें!' बजरंग की यह भावुक अपील तब आई है। जब एक दिन पहले ही किसान और डीयू के छात्रों सहित बड़ी तादाद में लोग पहलवानों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचे थे। इन सभी लोगों ने कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों का समर्थन किया था। कई लोगों ने विरोध प्रदर्शन स्थल पर भारी सुरक्षा के बीच ही पीड़ित पहलवानों के समर्थन में 'नारी शक्ति जिंदाबाद', 'पहलवान एकता जिंदाबाद', 'के नारे भी लगाये। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब से आए कई किसान समूहों ने 'जय किसान जय जवान' और 'किसान एकता जिंदाबाद' के नारे लगाए, और कहा कि जब तक पहलवानों को न्याय नहीं मिल जाता, वे प्रदर्शन स्थल से नहीं हटेंगे। वहीं किसाने ने कहा, 'बुधवार रात हमारे पहलवानों के साथ जो हुआ, उसके बाद हमें इस देश की उन बेटियों को समर्थन देने की जरूरत महसूस हुई, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के लिए पदक जीते हैं. कल जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। हमने फैसला किया है कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता, हम यहां से नहीं हटेंगे।'

# अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा भारत-पाक एकदिवसीय विश्वकप मुकाबला !

**दुबई ।**

देश में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने की संभावनाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने बैठने की क्षमता को देखते हुए इस प्रतिष्ठित स्टेडियम में इस अहम मैच की मेजबानी करने का फैसला किया है। इस स्टेडियम में एक लाख से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है और मैच के लिए बड़ी तादाद में प्रशंसकों के विदेश से भारत आने की उम्मीद है, इसलिए यह स्थान मैच के लिए सबसे बेहतर नजर आता है। यह टूर्नामेंट 5 अक्टूबर से शुरू होगा और नागपुर, बेंगलुरु, त्रिवेंद्रम, मुंबई, दिल्ली, लखनऊ, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, राजकोट, इंदौर, बेंगलुरु और धर्मशाला जैसे स्थानों पर मैच खेले जाएंगे। इन 13 स्थलों में से भारत के अपने मैच केवल सात स्थलों पर ही होने की संभावना है।



सुरक्षा कारणों से पाक अपने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेलना चाहता है। और इसी तरह, बांग्लादेश भी अपने देश से दूरी को देखते हुए अपने अधिकांश मैच कोलकाता और गुवाहाटी में खेलना चाहता है। इससे उसके यहां से आने वालों को लंबा सफर नहीं करना पड़ेगा।

यह भी कहा जा रहा है भारतीय टीम प्रबंधन ने बीसीसीआई से ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ स्पिनरों की सहायता करने वाले मैदानों को रखने को कहा है। इसके साथ ही प्रबंधन ने धीमी पिचों के लिए भी कहा है।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा सबसे बड़ा आयोजन उत्तर प्रदेश में होगा : ठाकुर

### अब दंगल के लिए जाना जाता है प्रदेश

**लखनऊ ।**

केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अब दंगल के लिए जाना जाता है। ठाकुर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो के तीसरे सत्र के लिए लोगो , शुभंकर, जर्सी , गीत और मशाल लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश पहले जो दंगों के लिए जाना जाता था, अब खेलो के दंगल के लिए जाना जाता है।

साथ ही कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा सबसे बड़ा आयोजन उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। 25 मई से तीन जून तक चार शहरों में होने वाले इन खेलों में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के 4700 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया खिलाड़ियों को सिर्फ तलाशता ही नही है बल्कि निखारता भी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर जिले में खेलो इंडिया का केंद्र बनेगा। ठाकुर ने कहा कि कुछ दिन पहले ही खेलो इंडिया के पांच वर्ष पूरे हुए है और यह बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ा है।

उन्होंने कहा ,''खिलाड़ियों ने देश के लिए पदक जीतने का भी काम किया है और आज मैं यह कह सकता हूं कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा सबसे बड़ा आयोजन उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। साथ ही कहा कि जिस तरह से यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेलों को बढ़ावा देने का काम किया है और अब खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी उत्तर प्रदेश को मिली है।''

उन्होंने कहा, मैं कह सकता हूं कि वह दिन दूर नहीं जब दुनिया के किसी भी कोने में भारत पदक जीता करेगा तो उत्तर प्रदेश का उसमें बहुत बड़ा योगदान होगा।''

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया के लिए 3200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है जिससे खिलाड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो और ओलंपिक में पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर आगे बढ़ा सकें।



# आईपीएल में आज आमने-सामने होंगी सीएसके और मुम्बई इंडियंस

**चेन्नई ।**

कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रोहित शर्मा की मुम्बई इंडियंस टीम (एमआई) के बीच शनिवार को मुकाबला होगा। इस मैच में सीएसके को अपनी घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। सीएसके इस मैच से एक बार फिर जीत की राह पर वापस लौटना चाहेगी। इससे पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ हुआ मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका था जबकि पंजाब के खिलाफ हुए मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। दोनो ही टीमों के बीच यह मुकाबला रोमांचक रहेगा। मुम्बई ने इससे पहले साल 2019 में यहां सीएसके को हराया था और इस सिलसिले को वह बरकरार रखने का प्रयास करेगी। वहीं सीएसके पिछली हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। यह मुम्बई का पसंदीदा मैदान भी है, ऐसे में वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। सीएसके की टीम के पास अच्छे बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। डेवोन कोंवे और रूतुराज गायकवाड़ अच्छी फार्म में हैं और लगातार रन बना रहे हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में उसकी हार का कारण मध्यक्रम की नाकामी रही थी। टीम के पास अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी हैं। इन दोनो ने ही अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर अंबाती रायुडू और मोईन अली अभी तक रन नहीं बना पाये हैं। बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे आ रहे धोनी ने कुछ अच्छे शॉट खेले हैं। सीएसके ने रहाणे की शानदार बल्लेबाजी से पहले मैच में मुंबई को हराया था और ऐसे में रहाणे इस बार भी सीएसके को जीत दिलाना चाहेंगे। गेंदबाजी की बात करें तो दीपक चाहर की वापसी से वह मजबूत हुई है पर तुषार देशपांडे ने काफी रन दिये हैं। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा ने भी अच्छी गेंदबाजी अच्छी की है। ऑलराउंडर मिशेल सेंटनेर को भी मोईन या महीश तीक्षणा की अवसर मिल सकता है। वहीं दूसरी ओर मुम्बई भी अपनी ओर से जीत के लिए पूरा प्रयास करेगी।

# टी20 लीगों की बढती संख्या से एकदिवसीय प्रारुप को होगा नुकसान : शास्त्री

**मुम्बई ।**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच मुख्य कोच रवि शास्त्री के अनुसार जिस प्रकार टी20 लीग की संख्या बढ़ रही है। उससे क्रिकेट भी फुटबॉल लीग की राह पर जा रहा है। शास्त्री के अनुसार इन लीगों के बढ़ने से द्विपक्षीय क्रिकेट विशेष रुप से एकदिवसीय प्रारुप को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं फ्रैंचाइजियों का रुख खिलाड़ियों को लंबे समय के अनुबंध देने का हो रहा है। साथ ही कहा कि जिस प्रकार लीग क्रिकेट बढ़ा है उससे भविष्य में खिलाड़ी केवल वैश्विक टूर्नामेंट ही खेलते हुए दिखेंगे। शास्त्री नेसे कहा ,'' मैने हमेशा कहा है कि इन लीग मुकाबलों से द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को नुकसान होगा। दुनिया भर में जिस तरह से लीग की संख्या बढ रही है, यह फुटबॉल की राह पर जा रहा है।'' उन्होंने कहा ,'' ऐसे में टीमें आने वाले समय में विश्व कप से पहले एकत्र होंगी , थोड़ा बहुत द्विपक्षीय क्रिकेट खेलेंगी, क्लब टीमों को छोड़ेंगे जो विश्व कप खेलेंगे। आपको पसंद आये या नहीं पर ऐसा ही होगा।' उन्होंने कहा ,'' मुझे इसमें कोई बुराई भी नहीं दिखती पर 50 ओवरों के क्रिकेट को नुकसान तो होगा।'' वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के देश के लिये खेलने के मुकाबले क्लब को वरीयता देने को लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह चलन और बढेगा। उन्होंने कहा ,'' देश में एक अरब 40 करोड़ लोग हैं और सिर्फ 11 ही देश के लिये खेल सकते हैं। फिर बाकी क्या करेंगे। उन्हें इस फ्रेंचाइजी क्रिकेट के जरिये ही दुनिया भर में खेलने का मौका मिल रहा है।''

# घरेलू मैदान पर आरसीबी के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी कैपिटल्स

**नई दिल्ली ।**

दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के बीच शनिवार को आईपीएल में एक अहम मुकाबला होगा। दोनो ही टीमें प्लेऑफ की अपनी संभावनाएं बरकरार रखने इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दिल्ली का पलड़ा इस मैच में भारी नजर आता है क्योंकि उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली जीत से भी दिल्ली के हौंसले बुलंद हैं। वहीं आरसीबी भी पिछले मैच में लखनऊ सुपरकिंग्स के खिलाफ मिली जीत से उत्साहित है।

दिल्ली की ओर से पिछले मैच में अनुभवी ईशांत ने शानदार गेंदबाजी की थी और वह इस प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज खलील अहमद ने भी पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी। दिल्ली के बल्लेबाजों को इस मै में रन बनाने होंगे क्योंकि गुजरात के खिलाफ जीत उसे कम स्कोर के बाद भी गेंदबाजों ने दिलायी थी। गुजराम के खिलाफ पिछले मैच के बाद कप्तान डेविड वॉर्नर ने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन को कहा था। टीम की ओर से अब तक अधिकतर रन वार्नर ने ही बनाये हैं। फिल सॉल्ट का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है। बल्लेबाजी में पूरी टीम एक एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। बल्लेबाज प्रियम गर्ग विफल रहे हैं। मनीष पांडे भी अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। अक्षर पटेल हालांकि काफी अच्छी बल्लेबाजी कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। उन्हें अब ऊपरी क्रम पर उतरा जा सकता है। इस मैच में आरसीबी के अनुभवी खिलाड़ी विराट कोहली पिछले मैच में हुए विवाद से उबरकर बेहतर बल्लेबाजी करना चाहेंगे। पिछले मैच में लखनऊ के खिलाफ मिली जीत के बाद गौतम गंभीर से उनकी बहस हो गयी थी। इस मैच में आरसीबी की ओर से केदार जाधव भी खेलते दिखेंगे। उनके आने से मध्यक्रम की बल्लेबाजी बेहतर होगी। टीम के पास तेज गेंदबाजों के तौर पर मोहम्मद सिराज और जोश हेजलवुड हैं जिनका प्रदर्शन पिछले मैच में अच्छा रहा था। वहीं स्पिनर कर्ण शर्मा ओर वानिंदु हसरंगा से भी टीम को बेहतर गेंदबाजी की उम्मीद रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच काफी रोमांचक रह सकता है।




## विश्व चैम्पियनशिप में डिंग को टक्कर दे सकते है भारतीय खिलाड़ी : आनंद



**कोलकाता ।** दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को उम्मीद है कि कुछ भारतीय खिलाड़ी अगले साल होने वाले विश्व चैम्पियनशिप 'कैंडिडेट्स टूर्नामेंट' में चीनी खिलाड़ी डिंग लारेन को टक्कर दे सकते हैं। आनंद ने कहा कि इस टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने के लिए इन खिलाड़ियों के पास अच्छे अवसर भी हैं। उम्मीद है कि यह अगले चक्र में हो सकता है। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर कायम आनंद ने पहले ही कहा दिया था कि वह अब इस टूर्नामेंट के लिए चुनौती पेश नहीं करेंगे। आनंद के अलावा शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और निहाल सरीन जैसे खिलाड़ियों के विश्व चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें हैं। आनंद ने कहा, ''हमारे पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। ऐसे में डिंग के सामने कोई भी भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश कर सकता है। वहीं आनंद ने कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों का समर्थन करते हुए कहा कि उनके लगाये आरोप बेहद गंभीर हैं और इस मामले में पहलवानों के साथ न्याय होना चाहिये। आनंद ने कहा कि पहलवानों ने महासंघ प्रमुख पर जो यौन शोषण के आरोप लगाये हैं उनकी जांच होनी चाहिये। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता पहलवानों को इस प्रकार सड़क पर बैठे देखना दुखद है। साथ ही कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस मामले की पूरी जांच होगी।

### संक्षिप्त समाचार



## वापसी के लिए जिम में अभ्यास करते दिखे ऋषभ

**बेंगलूर ।** कार हादसे से उबर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैदान पर वापसी की तैयारियों में लग गये हैं। ऋषभ की एक तस्वीर सोशल मीडिया में आई है जिसमें वह जिम में अभ्यास करते हुए दिखे। वह इससे पहले अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स को हौंसला बढ़ाने मैदान में भी दिखे थे। उनकी हालत भी बेहतर होती जा रही है। उन्हें जिम में अभ्यास करते हुए देखकर प्रशंसकों को भी राहत मिली है। ऋषभ शीघ्र ही मैदान पर वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें वो जिम में पसीना बहाते हुए नजर आ रहे हैं। अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। माना जा रहा है कि वह इस साल के अंत तक पूरी तरह से फिट होकर टीम से जुड़ जाएंगे। इस बल्लेबाज ने जिम से एक स्टोरी साझा कर खास संदेश भी दिया है। उन्होंने एक तस्वीर साझा कर लिखा, खेल चरित्र का निर्माण ही नहीं बल्कि उसे सामने लाने का काम करता है। वह अपने को मैदान से दूर नहीं रख पा रहे हैं। वहीं प्रशंसक भी शीघ्र ही उनकी मैदान पर वापसी देखना चाहते हैं। गौर हो कि सड़क दुर्घटना के बाद इस खिलाड़ी के लिगामेंट की तीन सर्जरी हुईं थी। पंत ने सर्जरी करवाई थी। वह पूरी तरह से ठीक होने के बाद रिहैब शुरू करेंगे और ऐसे में उन्हें वापसी में छह माह और लग सकते हैं। उनके इस साल एकदिवसीय विश्वकप खेलने की संभावनाएं नहीं हैं।

## आरसीए में घोटाले की आशंका से तीसरा मैच भी विवादों में आया

**जयपुर ।** जयपुर में आज यहां होने वाला तीसरा आईपीएल मुकाबला भी राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के कारण विवादों में आ गया है। इसका कारण ये है कि केंद्रीय जांच एजेंसी सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) विभाग ने यहां 22 करोड़ रुपये टैक्स क्रेडिट में घोटाला होने की आशंका व्यक्त की है। आरसीए पहले ही मैच से विवादों में आ गया था। तब सवाई मानसिंह स्टेडियम में किए गए निर्माण को खेल मंत्री ने अवैध बताते हुए स्टेडियम के एक स्टैंड को जप्त कर लिया था। वहीं, दूसरे मैच के लिए भी एसएमएस स्टेडियम में किए गए निर्माण की खेल विभाग ने कुछ समय पहले ही अनुमति दी थी। सीजीएसटी विभाग ने कहा कि आरसीए में 22 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट का घोटाला सामने आया है। इसके बाद आरसीए द्वारा किए गए लेन-देन की बारीकी से जांच की गयी है।आरसीए के लेनदेन में गड़बड़ी की जो शिकायत सीजीएसटी विभाग को मिली थी। उसी के आधार पर ये कार्रवाई हुई है। गत दिवस सीजीएसटी की टीम ने 22 करोड़ रुपये के करों में घोटाले को लेकर नोटिस जारी किया था उसके कुछ समय बाद ही आरसीए ने 10 करोड़ रुपये जमा भी करा दिये थ। सीजीएसटी टीम फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर गहरायी से जांच कर रही है।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से प्रेरित होंगे युवा : योगी

### लोगो, मैस्काट, मशाल, एंथम और जर्सी का अनावरण किया

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स से युवाओं का खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का तीसरा संस्करण उत्तर प्रदेश में होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा क्योंकि इसमें 200 विश्विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भागीदारी करेंगे। इस दौरान इन लोगों को उत्तर प्रदेश को जानने, समझने और सीखने का भी अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लोगो, मैस्काट, मशाल, एंथम और जर्सी का भी अनावरण किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी थे। इस दौरान योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पूरी टीम खिलाड़ी के स्वागत के लिए तैयार है। साथ ही कहा कि 25 मई से प्रारंभ होने वाले इन खेलों के शुभारंभ के लिए भारत सरकार को और सभी राज्यों को सादर आमंत्रित करता हूं। ये खेल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने में मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने देश में खेलों के प्रति सोच में आये बदलाव का जिक्र करते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आप सबने पिछले 9 वर्ष के अंदर भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए देखा होगा। भारत के बारे में दुनिया की धारणा को बदलते हुए भी देखा है। भारत के प्रत्येक नागरिक के मन में एक नया विश्वास भी आपने महसूस किया होगा। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स भी उसी धारणा को बदलने और उस विश्वास का एक प्रतीक है। एक दशक पहले खेल और खिलाड़ियों के प्रति लोगों के मन में अच्छी धारणा नहीं होती थी। खेल को एक अनावश्यक कार्य माना जाता था, समय बर्बादी माना जाता था। आज इसके प्रति धारणा बदली है। परिवार के लोग मिलकर बच्चे को प्रोत्साहित करते हैं। स्वस्थ शरीर उसी को प्राप्त होगा जो नियम और संयम और अनुशासन का पालन करता है। स्वाभाविक रूप से खेल की इन गतिविधियों से व्यक्ति न केवल स्वस्थ रह सकता है बल्कि समाज और राष्ट्र को सशक्त भी कर सकता है। खेलो इंडिया खेलो और फिट इंडिया मूवमेंट उसी श्रृंखला के हिस्से हैं।

# वरुण और वैभव के कारण जीत मिली : राणा

**हैदराबाद ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नितीश राणा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली जीत का श्रेय अपने गेंदबाजों वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा को दिया है। वरुण की ही शानदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद अंतिम ओवर में जीत के लिए जरुरी 9 रन नहीं बना पायी थी। वहीं वैभव ने बीच के ओवरों में विकेट लिए थे। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने सनराइजर्स को 172 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में सनराइजर्स की टीम 20 ओवर में 166 रन ही बना पाई। इस मैच में सनराइजर्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 9 रनों की जरूरत थी पर वरुण के सामने सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे और 4 रन ही बना पाये। कप्तान राणा ने कहा, बीच में हमने कुछ कमजोर ओवर फेंके पर शार्दुल ठाकुर और वैभव ने विकेट लेकर हमें मैच में बनाये रखा। इस प्रकार हमने खेल में वापसी की। हमें उन्हें आउट करना था क्योंकि अगर वे अंत तक बल्लेबाजी करते तो जीत जाते। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि अंतिम ओवर में स्पिनर या तेज गेंदबाज में से किसके पास जाना चाहिये। साथ ही कहा कि मैं हमेशा देखता हूं कि खेल में सबसे अच्छा स्पिनर कौन है और इसी तरह मैं तय करता हूं कि पिच के अनुसार किसे गेंद देनी है। इस मैच में मिली जीत के साथ ही केकेआर के प्लेआफ की संभावनाएं बनी हुई हैं। इस मैच में केकेआर ने कप्तान राणा और रिंकू सिंह के बीच 61 रन की साझेदारी की सहायता से नौ विकेट पर 171 रन बनाये। इसके बाद उसके गेंदबाजों के सामने सनराइजर्स के बल्लेबाज 20 ओवर में आठ विकेट पर 166 पर ही बना पाये। शार्दुल ठाकुर ने 23 रन देकर और वैभव अरोरा ने 32 रन देकर दो-दो विकेट लिये।

## साउथ इंडस्ट्री संग काम कर चुके
# विनीत कुमार ने बताया
## क्यों फेल हो रही हैं बॉलीवुड फिल्में



बिहार से चलकर दिल्ली और फिर ऐक्टिंग के हुनर को एक पहचान देने के लिए तीन दशक पहले मुंबई आए ऐक्टर विनीत कुमार ने हिंदी और साउथ फिल्मों में काफी काम किया है। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज गर्मी को लेकर। पेश है उनसे हुई बातचीत –

**आपने साउथ में भी काफी काम किया है। साउथ की फिल्मों को दर्शक पसंद कर रहे हैं, वहीं बॉलिवुड की गिनी-चुनी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टिक पा रही हैं। आपको इसकी क्या वजह नजर आती है?**

साउथ तो वैसे ही काम कर रहा है, जैसा वह पहले किया करता था। हम तो 2002 से उस इंडस्ट्री में काम करते आ रहे हैं। वह उस समय भी बेहतर काम कर रहे हैं। एसएस राजामौली की आज तक एक भी फिल्म फ्लॉप नहीं हुई है। वो आदमी अपना काम कर रहा है। हिंदी की समस्या ये है कि यहां एक क्राइसिस है। क्योंकि हिंदी में लोग जमीनी स्तर पर नहीं जुड़ पाते हैं, जमीन की कहानी नहीं कह पाते हैं। इसलिए वह कोई परी कथा जैसी नजर आती है। अगर आप साउथ की फिल्मों को देखेंगे तो उनकी हर फिल्म में जो चरित्र होता है, वो जमीन का होता है, भले ही वो कमर्शियल ही क्यों ना हो। पुष्पा ही देख लीजिए, उसका लुक और बॉडी लैंग्वेज से लोग कनेक्ट करते हैं। उसकी बढ़ी हुई दाढ़ी, लुंगी का पहनना, स्टाइल आदि सब से लोग जुड़ाव महसूस करते हैं। हम भी अगर अपनी जमीन समझने लगें तो हम भी ठीक परफॉर्म करेंगे। जैसे हमने गर्मी सीरीज में देखेंगे तो उसमें चरित्र हैं वो जमीन से जुड़े नजर आएंगे।

**एक बेटा आईपीएस और एक ऐक्टिंग में, तो पैरंट्स का आपके करियर चॉइस को लेकर क्या कहना था?**

शुरुआती दौर में पिताजी को लगता था कि ये ऐक्टिंग वगैरह क्या बकवास है। वो कहते थे कि चार दिन नाटक बहुत कर लिया अब कोई काम करो, वरना अपना घर कैसे चलोओगे। उनकी चिंता भी वाजिब थी। थियेटर से कोई कमाई तो कर नहीं सकते थे। लेकिन जब मेरा एनएसडी में चयन हुआ तो उनको लगा कि शायद मैंने कुछ पाया है। क्योंकि जब 1986 में एनएसडी में आया तो उस दौर में अगर आपके आगे नेशनल शब्द लग जाता था, तो लोगों को लगता था कि आपने कुछ पाया है। नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा सुनकर लोगों को लगता था कि कुछ बड़ा आपने पाया है। तब पिताजी को थोड़ी संतुष्टि हुई कि कुछ तो बेटा अच्छा कर रहा है। उसके बाद उनका निधन हो गया। फिर जब हम 1989 में पटना आए तो पूरा राजनीतिक माहौल बना हुआ था। थियेटर वगैरह का भी उठा-पटक हो गया था। सब लोग अपने ढंग का कुछ कर रहे थे। मुझे उस समय सझम नहीं आ रहा था कि क्या करें, तब एक दोस्त ने कहा कि मुंबई में देख लो। तब हम अपना बक्सा उठाकर चल दिए मुंबई देखने के लिए। तब से अब तक हम मुंबई देख ही रहे हैं।

**सीरीज गर्मी में अपने किरदार के बारे में बताएं?**

मूलत- ये एक राजनीति की जानकारी रखने वाला आदमी है, जिसको लोग बैरागी बाबा के नाम से जानते हैं। वह राजनीति को बहुत गंभीरता के साथ समझता है। जमीनी स्तर पर कैसे काम किया जाता है, कैसे उनका ब्रेन वॉश कर सकते हैं, उसके बारे में वह बखूबी जानता है। इसलिए जितने भी छात्र होते हैं, वो उसके ट्रैप में होते हैं। बाहर उसका अखाड़ा है, लेकिन कमरे में राजनीति के दांव पेंच होते हैं।

**ऐसा कोई दौर आया जब आपको इंडस्ट्री में बने रहने के लिए किसी की मदद लेनी पड़ी हो?**

हां कई लोगों ने मदद की और मैंने भी कई ऐसे लोगों की मदद की, जिन्होंने बाद में मेरी सहायता नहीं की। मेरी मदद करने वाले दो लोगों को मैं कभी नहीं भूल पाता हूं।उसमें से एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डायरेक्टर हैं, विजय अरोड़ा। दूसरे साउंड इंजीनियर राजेंद्र हेगड़े थे। इन दोनों तब उस दौर में मेरी मदद की थी जब 1986-87 में मुझे पैसों की तंगी का सामना करना पड़ा था। ये हम कभी नहीं भूल सकते। मैं जब मुंबई आया था तब 35 साल की उम्र थी, उस वक्त हम में बचपने वाली बात नहीं थी। हम जिस दौर को फेस करके आए हैं, तो आप समझ लीजिए कि हम बचपन में ही बड़े हो गए थे।

**जितनी भी वेब सीरीज होती हैं और जिनमें वायलेंस नजर आता है, वो कहानी ज्यादातर यूपी बिहार से ली जाती हैं। जबकि देश के कई हिस्से और विश्वविद्यालयों में अक्सर छात्रों के बीच तनातनी और पॉलिटिकल डिस्टरबेंस की खबरें भी आती हैं, ऐसे में क्या वजह है कि मेकर्स को छात्र, वायलेंस और पॉलिटिक्स की कहानी के लिए यूपी और बिहार का ही रुख करना पड़ता है?**


इसके पीछे एक बेसिक वजह है कि वहां के लोग ज्यादा उत्तेजना में रहेंगे, जहां पर क्राइसिस है। अगर आप ध्यान दें तो आजादी के बाद से ही अगर ये दो राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश क्राइसिस में थे। जबकि पंजाब, राजस्थान और पंजाब से अलग होकर हरियाणा बना तो वहां उस तरह के हालात नहीं थे। उसके अलावा महाराष्ट्र, हिमाचल जैसी जगहों पर दिक्कतें नहीं थीं। क्राइसिस की वजह से यूपी और बिहार में राजनीति का बाहुल्य है वो बढ़ता जाता था। इसी कारण यूपी-बिहार में बहुत ज्यादा लोग आईएएस और आईपीएस बनते थे।

**आपके भाई भी आईपीएस ऑफिसर हैं, तो कई किस्से कहानियां तो आपको उनसे भी सुनने को मिलती होंगी?**

हां बीते दिन उनके एक्सटेंशन का भी रिटायरमेंट हो गया है। वैसे हम दोनों ज्यादा बातचीत नहीं करते हैं। हम इस मामले में ज्यादा बात नहीं करते हैं। वो हमसे अपने विभाग की बात शेयर नहीं करते हैं। हमारे और उनके बीच में उम्र का भी कोई बड़ा फासला नहीं था, हमसे दो-ढाई साल बड़े हैं। हम थियेटर करते रहे तो हमें इतनी फुरसत नहीं थी, और वो भी अपनी पुलिस की वर्दी में व्यस्त रहे। अरे भई! हम बिहार से हैं, उनसे ज्यादा कहानी तो हमें पता होती हैं। जो कहानियां हमें पहले पता चलती थीं, उनको तो कई कहानियां हमारे बाद में जानकारी में आती होंगी। (हंसते हुए) हमें उनसे पहले पता चल जाता था कि अच्छा ये होने वाला है। आप समझ रहे होंगे कि हम क्या कहना चाहते हैं।



# चोट से उबर रहे हैं अर्जुन रामपाल



पीठ में चोट लगने के बाद अभिनेता अर्जुन रामपाल ठीक होने की राह पर हैं, जिसके बाद वह विद्युत जामवाल अभिनीत फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। एक सूत्र ने बताया कि अर्जुन को हाल ही में जिम में वर्कआउट करने के दौरान कमर में चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सूत्र ने बताया कि समर्पित अभिनेता होने के नाते अर्जुन रामपाल ने पूरी कोशिश की कि फिल्म की शूटिंग न रुके, लेकिन उनकी तबीयत खराब होने के कारण शूटिंग प्रभावित हुई। फिल्म की शूटिंग को बीच में रोकना पड़ गया था। मीडिया सूत्र ने कहा कि हर कोई इस फिल्म के लिए अर्जुन के उत्साह की सराहना कर रहा है। वह अपने सभी स्टंट वास्तव में अच्छी तरह से कर रहे थे। दुख की बात है कि जिम में कसरत करने के दौरान उन्हें चोट लग गई। जिसके बाद उन्हें आराम करना पड़ा क्योंकि उनकी हालत ज्यादा खराब थी। सूत्र ने कहा कि अर्जुन बहुत समर्पित है, घायल होने के बाद भी वह अपने स्टंट को जारी रखना चाहते थे। वे इस बात पर जोर दे रहे थे कि उनका स्टंट पूरा हो जाए। क्योंकि वह इसे करना चाहता थे, वह नहीं चाहते थे कि उनका स्टंट बॉडी डबल करे। बता दें कि जीतेगा तो जियेगा का निर्देशन आदित्य दत्त द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में विद्युत जामवाल लीड रोल में दिखाई देंगें, एक्टर के अलावा फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज़ और अर्जुन रामपाल भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगें।



# कोई नई फिल्म साइन नहीं कर रहे सलमान खान!

बॉलीवुड के दबंग सलमान खान की नई फिल्म किसी का भाई किसी की जान हाल ही में ईद के मौके पर रिलीज हुई है, जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है। 100 करोड़ रुपये के आंकड़े को छूने में फिल्म का दम निकल गया। फेस्टिव रिलीज होने के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही। इस कारण अब सलमान नई फिल्मों को साइन करने के मूड में नहीं लग रहे हैं। दरअसल, सलमान खान अक्सर ईद के मौके पर अपनी फिल्म रिलीज करते हैं। इस बार भी ईद के मौके पर रिलीज हुई फिल्म उम्मीद के मुकाबले कमाई नहीं कर पाई। खबर आ रही है कि सलमान ने नई फिल्म को साइन करने से मना कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान को छह प्रोजेक्ट्स ऑफर किए गए हैं, लेकिन वह अभी कोई भी नया प्रोजेक्ट साइन करने से परहेज कर रहे हैं। सलमान खान अपनी अगली फिल्म टाइगर 3 का इंतजार कर रहे हैं, जो नवंबर में रिलीज होगी। दिवाली के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म की प्रतिक्रिया देखने के बाद ही सलमान अपनी अगली फिल्म को लेकर फैसला करेंगे। फिलहाल, दर्शकों को वह मनीष शर्मा के निर्देशन वाली टाइगर 3 में नजर आएंगे, जिसमें कटरीना कैफ मुख्य भूमिका में अभिनेता के साथ नजर आएंगी। वहीं, शाहरुख खान का फिल्म में कैमियो रोल होगा। बता दें कि अपनी फिल्मों के साथ-साथ सलमान जान से मारने की मिल रही कई धमकियों को लेकर भी चर्चा में हैं। हाल ही में इंटरव्यू के दौरान सलमान ने अपनी सिक्योरिटी को लेकर कहा कि सुरक्षा, असुरक्षा से बेहतर है। अब सड़क पर साइकिल चलाकर अकेले कहीं जाना भी मुमकिन नहीं है।

# कंगना ने सेम सेक्स मैरिज को किया सपोर्ट

अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली कंगना रनौत ने हाल ही में सेम सेक्स मैरिज पर बयान दिया है। मीडिया इंटरेक्शन के दौरान कंगना समलैंगिक शादी को सपोर्ट करती नजर आईं और उन्होंने इसे 'प्रेम का बंधन बताया। बॉलीवुड क्वीन के इस बयान पर उनकी मूवी सिमरन के फिल्म निर्माता अपूर्व असरानी ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। दरअसल, हाल ही में जब सेम सेक्स मैरिज पर कंगना रनौत से उनकी राय पूछी गई तो उन्होंने कहा, जो शादी होती है वो दिल के रिश्ते होते हैं। ये सब ही जानते हैं। जब लोगों के दिल मिल गए हैं। बाकी उनकी क्या प्राथमिकताएं हैं, हम उसके बारे में क्या कह सकते हैं? इससे पहले कंगना ने समलैंगिक विवाह के बारे में ट्वीट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, आप दुनिया में जो करते हैं उससे आपकी पहचान बनती है न कि बिस्तर पर क्या करते हैं। कंगना के बयान पर अपूर्व ने रिएक्शन देते हुए कहा कि, ज्यादातर फिल्मी सितारे समलैंगिक विवाह का खुलकर समर्थन करने से कतराते रहे हैं।



# जुबली के लिए मिली
## प्रशंसा से खुश वामिका गब्बी

एक्ट्रेस वामिका गब्बी विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज जुबली में दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान द्वारा नीलोफर के किरदार की तारीफ किए जाने से काफी खुश हैं। मेजबान जाकिर खान के साथ एक विशेष बातचीत के दौरान, जीनत अमान ने कहा कि वह जुबली से नीलोफर का किरदार निभाना चाहती हैं। वामिका ने कहा, मुझे उनकी फिल्में और गाने याद है। वह उस समय की सबसे आत्मविश्वासी, प्रगतिशील और बेबाक अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह हमेशा बाकियों से अलग दिखती थी। उनमें आत्मविश्वास है और आज तक इच्छा को फिर से परिभाषित करती है। उनके द्वारा तारीफ होना खुशी की बात है। उन्होंने आगे कहा, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि उन्होंने सीरीज देखी है और उन्हें यह पसंद आया है।




# संघर्ष के दिनों को याद कर भावुक हुए शरद

पिछले दो दशकों से इंडस्ट्री में अपने अभिनय कौशल का दम दिखा रहे हैं। एक्टिंग से लेकर डबिंग तक में शरद केलकर ने अपनी मेहनत से अपना नाम बनाया है। अभिनेता ने टीवी और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में उल्लेखनीय काम किया है। अब हाल ही में, शरद ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया कि उन्हें करियर के शुरुआत में काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा था और बताया कि उन्हें अपने हकलाने की वजह से भी बहुत गुस्सा आता था। शरद ने अपने हालिया इंटरव्यू में अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि पैसों की तंगी ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। इस वजह से उन्हें अपने हाथ पर 150 टांके लगवाने पड़ गए थे। शरद ने कहा, मैं जब मुंबई आया था तो उस समय हकलाता था। मैं जानता ही नहीं था कि एक्टिंग कैसे करनी है। उस वक्त बहुत तंगी थी, न पास पैसे थे और न ही रहने को घर। उस समय से मैंने सीख ली कि जब तक मुझे काम न मिल जाए मुझे मेहनत करते रहना होगा।



## क्रिकेटर जितेश शर्मा पर आया
# उर्वशी का दिल

उर्वशी रौतेला इन दिनों हर ओर छाई हैं। उनका नाम बॉलीवुड से लेकर साउथ और क्रिकेटर गॉसिप के बीच भी खूब सुनने में आ रहा है। वे भारतीय सिनेमा की सबसे कम उम्र की सुपरस्टार हैं, जो हमेशा अपनी खूबसूरती और अभिनय कौशल से लोगों को इंप्रेस करती हैं। अभिनेत्री फिलहाल क्रिकेटर जितेश शर्मा और हरप्रीत भाटिया की अभिनेत्री के बारे में किए गए कमेंट्स से सोशल मीडिया में काफी सुर्खियां बटोर रहीं हैं। जानिए एक्ट्रेस के बारे में क्रिकेटरों का क्या कहना है। अपने आकर्षक लुक और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली उर्वशी के दुनिया भर में बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उर्वशी के बारे में जितेश शर्मा की हालिया टिप्पणी ने उन्हें एक बार फिर क्रिकेट सुर्खियों में ला दिया है। अभिनेत्री अब रवींद्र जडेजा के बाद अपने प्रशंसकों की सूची में एक और खिलाड़ी का नाम जोड़ सकती हैं। पंजाब किंग्स के स्टार क्रिकेटर, जितेश शर्मा, अथर्व तायदे और हरप्रीत भाटिया एक स्पष्ट साक्षात्कार में एक-दूसरे को कितने अच्छे से जानते है, इसके अंदाजा हाल की बातचीत में लगाया जा सकता है। हाल ही एक सेगमेंट में इन खिलाड़ियों को एक दूसरे की पसंद और पसंद के बारे में सवालों के जवाब देने थे। तभी से क्रिकेटर और एक्ट्रेस दोनों के फैन्स इस इंटरव्यू को लेकर चर्चा में हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि हरप्रीत भाटिया को उर्वशी खूबसूरत लगती हैं और वे उन्हें अपना क्रश मानते हैं। आखिरकार, वे अपने शानदार लुक के लिए जानी जाती हैं और इंडस्ट्री में कई लोगों द्वारा उनकी सुंदरता की प्रशंसा की गई है।




## पोन्नियन सेल्वन 2 ने
# वर्ल्डवाइड की
## 200 करोड़ की कमाई

ऐश्वर्या राय स्टारर फिल्म पोन्नियन सेल्वन सेल्वन 2 ने रिलीज के चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपए की कमाई पूरी कर ली है। डायरेक्टर मणि रत्नम की एंटरटेनमेंट कंपनी मद्रास टॉकीस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फिल्म के 200 करोड़ क्लब में एंट्री करने की जानकारी दी। फिल्म 28 अप्रैल को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी। मद्रास टॉकीज के ट्विटर हैंडल ने फिल्म की कमाई बताते हुए छोटी वीडियो क्लिप शेयर करते हुए लिखा- पीएस 2 ने लंबी छलांग मारी है। फिल्म ने बॉक्स-ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपए की कमाई पूरी कर ली है। साथ ही हैशटैग के साथ लिखा- चोला वापस आ गए हैं। पीएस 2 बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया परफॉर्म कर रही है। इस पोस्ट पर एक फैन ने लिखा- सिर्फ 4 दिनों में 200 करोड़ क्लब में शामिल हो गई पीएस-2! इसका मतलब है कि ये फिल्म 45+ दिनों में करीब 3000+ भी कर सकती है। वहीं, एक यूजर ने साउथ इंडियन एक्ट्रेस तृषा और तमिल एक्टर कार्थी को टैग करते हुए लिखा- ये कमाई आपकी है। पोन्नियन सेल्वन 2, 2022 में रिलीज हुई फिल्म पोन्नियन सेल्वन का सीक्वल है। फिल्म कल्कि कृष्णमूर्ति की नॉवेल पोंनियिन सेल्वन पर बेस्ड है। फिल्म पोन्नियन सेल्वन कल्कि कृष्णमूर्ति की नॉवेल के तीन पार्ट्स पर बेस्ड थी। जबकि, पोन्नियन सेल्वन 2 बचे हुए दो पार्ट्स पर बेस्ड है। फिल्म में ऐश्वर्या राय, विक्रम, तृषा, जयराम रवि, कार्थी, ऐश्वर्या लक्ष्मी, शोभिता धूलिपाल, प्रकाश राज, जयाम, प्रभु, आर सारतकुमार, पार्थीबन, विक्रम प्रभु जैसे एक्टर्स ने चोला साम्राज्य की कहानी को आगे बढ़ाया है। एक्टर कमल हसन ने फिल्म का नैरेशन किया है। ए आर रहमान ने फिल्म को म्यूजिक दिया है।